CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 09°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 14 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 333 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय पेज 2



मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत, झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक खेल टाइम्स



भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर- कानूनी: अमेरिकी सांसद पेज 11



200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर' बॉलीवुड

# बंगाल एसआईआर : वोटर लिस्ट से 58 लाख+नाम हटे

कोलकाता, वार्ता




- ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से 44 हजार नाम डिलीट
- साउथ 24 परगना जिले से करीब 8 लाख नाम कटे

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसम्बर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है।

# भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस-वाम गढ़ में लगाई सेंध

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



- नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की

**केरल की राजनीति** में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को लंबे समय से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता रहा है।

गत नौ दिसम्बर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद राजग ने 101 वार्ड वाले निगम में बहुमत हासिल करके सबको चौंका दिया। इस जीत से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर में दशकों से चले आ रहे वामदलों और कांग्रेस प्रभुत्व का पराभव हो गया है। यहां के स्थानीय चुनाव में भाजपा- राजग ने 50 सीटें जीतीं, जबकि वाम दलों के गठबंधन एलडीएफ को 29 सीटें मिलीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 19 सीटें मिलीं। निर्दलीय तथा अन्य को दो सीटें पर संतोष करना पड़ा। राजग को हालांकि बहुमत से एक सीट कम मिली है पर वह सबसे बड़ा दल बन कर उभरा है और उम्मीद की जा रही है कि वह बहुमत साबित करने में सफल रहेगा। तिरुवनंतपुरम के अलावा भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय निकायों में भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की है। यह पूरे राज्य में राजग की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक प्रदर्शन और बदलते मतदाता रुझान का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने इस मील के पत्थर वाली जीत के लिए भाजपा और अन्य स्थानीय निकाय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के लिए यूएडीएफ दोनों को बधाई दी।

## पंकज चौधरी होंगे उप्र भाजपा के अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उप्र में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। श्री चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** जिले के बिहारीपुर गांव में शनिवार को एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बागपत कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल (56) की गांधी चौक के पास किराना की दुकान है। परिजनों के मुताबिक, ऋषिपाल ने शनिवार सुबह करीब पांच बजे दुकान खोली थी। कुछ देर बाद पहुंचे दो बदमाशों ने सीने में गोली मारकर ऋषिपाल की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले तीसरे बदमाश ने घटना की रेकी की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि 20 दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति से ऋषिपाल का विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### आलंद सीट वोट चोरी केस: 22000 पन्नों की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने आलंद वोट चोरी मामले में एसीएमएम कोर्ट में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार और उनके बेटे हर्षानंद को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 5,994 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हुई।

# दिल्ली-NCR में ग्रेप-4 लागू

## वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर CAQM का सख्त फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत तेजी से खराब हो रही, शनिवार को शाम 4 बजे एक्यूआई 431 था, जो शाम 6 बजे बढ़कर 441 तक पहुंच गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेप चार लगाने की भी घोषणा की है। सुबह ग्रेप तीन पाबंदियों की घोषणा की गई थी। इसी के साथ अब दिल्ली में ग्रेप एक दो, तीन और चार की पाबंदियां लागू होंगी।

दरअसल, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत तेजी से खराब हो रही है, जिसे देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की समिति ने तत्काल प्रभाव से सबसे सख्त पाबंदियां ग्रेप 4 लागू करने का फैसला किया है। सीपीसीबी के अनुसार, हवा की गुणवत्ता में शनिवार शाम को और गिरावट दर्ज की गई। शाम 4 बजे जहां दिल्ली का एक्यूआई 431 था, वहीं शाम 6 बजे यह बढ़कर 441 तक पहुंच गया। धीमी हवा, स्थिर वातावरण और खराब मौसम की वजह से प्रदूषक हवा में फैल नहीं पाए, जिससे प्रदूषण बढ़ता गया। इसके साथ ही एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदूषण को और बढ़ने से रोकने के लिए अतिरिक्त निवारक कदम उठाएं। अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सीएक्यूएम ने लोगों से ग्रेप के सिटीजन चार्टर का पालन करने की अपील की है। स्टेज-1 और 2 के अलावा अतिरिक्त सलाह में छोटी दूरी के लिए पैदल व साइकिल चलाना, सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, वर्क फ्रॉम होम, कोयला-लकड़ी से गर्माहट न लेना, सुरक्षाकर्मियों को इलेक्ट्रिक हीटर देना व अनावश्यक यात्राएं कम करना शामिल है। फैसले में कहा गया है कि यह चरण 1, 2 और 3 के मौजूदा उपायों के अलावा लागू होगा। एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वायु गुणवत्ता की आगे बिगड़ने से रोकने के लिए कार्रवाई को तेज करें।

### यूपी में घना कोहरा, सड़कों पर 10 मीटर देखना भी मुश्किल



**नई दिल्ली।** यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गईं।

इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, चंबा और कुल्लू जिलों में बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया। मप्र में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ।

# असम में वायुसेना का पूर्व अफसर कुलेंद्र शर्मा जासूसी में गिरफ्तार

गुवाहाटी, वार्ता

- पाकिस्तानी एजेंट को सोशल मीडिया के जरिये जानकारी दे रहा था रिटायर्ड अफसर
- अरुणाचल से भी दो अरेस्ट

**असम के** सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है।

पुलिस ने खुफिया इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। सोनितपुर के डीएसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि कुलेंद्र के पाकिस्तान से संबंधों को लेकर संदेह काफी मजबूत है। रिटायर्ड होने से पहले, कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। वह 2002 में रिटायर्ड हुआ। इसके बाद उसने कुछ समय के लिए तेजपुर विश्वविद्यालय में काम किया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पुलिस ने शुक्रवार को जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियां पश्चिम सियांग जिले के आलो और चांगलांग जिले के मियाओ से की गईं। इनमें एक की पहचान हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से है। पुलिस ने दूसरे का नाम नहीं बताया है। पुलिस के मुताबिक, ईटानगर थाना को इनपुट मिलने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। फिलहाल आरोपी हिलाल को पूछताछ के लिए ईटानगर लाया गया है। हिलाल 25 नवम्बर को पापुम पारे जिले से आलो पहुंचा था। वह पुराने बाजार में आयोजित एक व्यापार मेले में कंबल बेचने के बहाने वहां आया था। इसी दौरान पश्चिम चांगलांग पुलिस ने इस मामले में मियाओ से एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने की पुष्टि की है, हालांकि उसकी पहचान और भूमिका को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हिलाल अपने सहयोगियों को सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उसके पूरे नेटवर्क और संपर्कों की जांच कर रही हैं।

### भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं: भागवत

**श्री विजया पुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए।

# जंग भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है: सीडीएस

## पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा

हैदराबाद, वार्ता



- कहा: अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं

**चीफ ऑफ डिफेंस** स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में आटम टर्म दिसम्बर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है। सीडीएस ने कहा कि नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। जनरल अनिल चौहान ने 29 नवम्बर को नई दिल्ली के सैम मानेकशा सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कान्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है, जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वारफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

# मुंबई BMW हिट-एंड-रन केस के आरोपी को जमानत से इन्कार

- महिला को 1.5 किमी तक घसीटा था
- सुप्रीम कोर्ट बोला: ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है, इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आरोपी एक अमीर परिवार से है। उसके पिता शिवसेना के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गुट से जुड़े थे। इन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल 7 जुलाई को वर्ली में उसने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारी और महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते ले गया, जिससे कावेरी नखवा की मौत हो गई और पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवम्बर के जमानत देने से इन्कार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

**संक्षिप्त समाचार**

### बहराइच में भेड़िया मासूम को लेकर भाग निकला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में आदमखोर भेड़िए ने शनिवार भोर ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा में एक साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरवी (1) अपनी मां, राम कुमारी, के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। भेड़िया अचानक आया और बच्ची को अपने जबड़े में दबा. चकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीख सुनकर जागे ग्रामीणों ने शोर मचाया और भेड़िए का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों में गुम हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और रेंजर ओंकार यादव अन्य वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा मासूम पर हमला करने की सूचना मिलने के बाद सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बच्ची की खोज जारी है।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अजगैन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकुर गांव में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर अचानक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोग अंदर फंस गए। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। अजगैन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र और राज्य सरकार को सुनाई खरी-खरी

# बीएलओ की मौत व कफ सिरप पर सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ साधना वर्मा की मौत प्रशासनिक दबाव के कारण हुई
■ कम समय में कर्मचारियों पर डाल दिया बोझ

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ की मौत और कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। अजय राय ने अलीगढ़ जिले के लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर में दिवंगत बीएलओ साधना वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

अजय राय ने साधना वर्मा की मौत को बेहद दुखद बताते हुए इसे प्रशासनिक दबाव और सरकार की जल्दबाजी का नतीजा करार दिया। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरा. प लगाए और मृतक बीएलओ के परिजनों को तत्काल सरकारी सहायता दिए जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा जैसी कर्मठ शिक्षिका और बीएलओ का इस तरह अचानक निधन पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर कार्य के दौरान लगातार बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

अजय राय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 15 से 16 बीएलओ की मौत हो चुकी है, जबकि कई कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सरकार बेहद कम समय में जबरन पूरा कराना चाहती है। यह प्रक्रिया महीनों की होनी चाहिए थी, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन बिना मानसिक और शारीरिक दबाव के कर सकें, लेकिन सरकार ने केवल एक महीने का समय देकर कर्मचारियों पर असहनीय बोझ डाल दिया, जिसका नतीजा यह है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, ब्रेन हैमरेज का शिकार हो रहे हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में बातचीत की और मांग की है कि साधना वर्मा के परि. जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी तत्काल दी जाए।

## मनरेगा का नाम बदलने का फैसला समझ से परे: प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदल कर पूज्य बापू रूरल एम्प्लॉयमेंट स्कीम करने की खबरों पर जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने की प्रक्रिया पर बहुत सारे सरकारी रिसोर्स खर्च हो रहे हैं, ये गैर जरूरी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के फैसले के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है, उनका कहना है कि इससे बेवजह खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसके पीछे क्या सोच है। पहली बात यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के रिसोर्स फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, हर चीज का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ा, महंगा प्रोसेस है, तो बेवजह ऐसा करने का क्या फायदा है? मुझे समझ नहीं आ रहा। शनिवार सुबह शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की खबरों पर केंद्र की आलोचना की और इसे जनता को गुमराह करने और गांधी परिवार के नाम का अपमान करने के लिए ध्यान भटकाने वाला बताया। चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रस्ट्रेशन की वजह से ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह ध्यान भटकाने का एक और तरीका है। वंदे मातरम् के 150 साल की चर्चा से जनता को यह समझने में मदद मिली है कि इतिहास का कौन सा वर्जन व्हाहट्सएप वर्जन है और कौन सा असली।

# भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 20 नवम्बर 1994 को गोरखपुर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।

20 नवम्बर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी, ओबीसी और सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40-50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

### नाम पर मुहर लगी, तो वे भाजपा चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

**लखनऊ।** यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था-राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।-तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।

### कोहरे में लिपटा प्रयागराज, जनजीवन प्रभावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया है। शनिवार की सुबह शहर घने कोहरे की चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि पास की चीज दिख नहीं रही थी, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तुलना में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही हल्की धुंध छाने लगती है, जो रात गहराने के साथ घने कोहरे में तब्दील हो जाती है और सुबह तक बनी रहती है। कोहरे के साथ-साथ दिन में धूप भी काफी कम हो गई है। धूप कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठिठुरन और गलन का असर बढ़ गया है।

# किसानों के लिए मददगार होगा एआई: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



■ सेटेलाइट से मिट्टी की जांच होने पर बोले सपा मुखिया
■ मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई की भूमिका अहम

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया पीडीए इवेंट में समा. जवादी पार्टी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई किसान से लेकर मेडिकल सेक्टर तक में मददगार साबित हो सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि सब बराबर हैं और सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को कम करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने किसानों के लिए एआई के इस्तेमाल पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से मिली इमेज के आधार पर किसानों तक मदद पहुंचाई जा सकती है। मिट्टी की जांच में एआई मददगार हो सकती है, जिससे किसानों को उनकी भूमि की स्थिति का सही समय पर पता चलेगा। साथ ही बारिश के समय और मौसम का पूर्वानुमान एआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे फसल नुकसान से बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडियों में सही रेट और डेटा किसान तक पहुंचाने में एआई एक बड़ा रोल निभा सकता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान कम होगा।

अखिलेश यादव ने मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई के फायदे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर बीमारी का पता नहीं चल पाता और इलाज पूरा नहीं हो पाता, जिससे खर्च बढ़ जाता है। एआई की मदद से टेलीमेडिसिन और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा सकता है, जिससे मरीज को शहर या बड़े अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टाफ को प्रशिक्षित कर सही समय पर मरीजों को उचित इलाज दिया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टेक्नोलॉजी आधारित रिस्पॉन्स सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सिस्टम एआई के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि सही समय पर निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यूपी में 108 एंबुलेंस सर्विस और पुलिस का डायल 100 सिस्टम उदाहरण के रूप में बताया, जो तकनीकी आधार पर बेहतर कार्य कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का इस्तेमाल केवल टेक्नोलॉजी के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

---

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स 84818.13<br>निफ्टी 25898.55 | सोना रु. 133360<br>प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 204100<br>प्रति किलो |

## अर्थ व्यापार



# उप्र में धान किसानों को 4500 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक 3.15 लाख से अधिक किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। यही नहीं बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421-39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसम्बर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया।

ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है। बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 3-15 लाख किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इस एवज में यूपी के किसानों को 4541.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 4645 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। वहीं 'श्रीअन्न' की बात करें तो बाजरा किसानों को 421-39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है, पिछले वर्ष इस अवधि तक 187.98 करोड़ रुपये भुगतान हुआ था। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।

## सोने में तेजी बरकरार, चांदी के भाव में भी रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और स्के एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है। चांदी में भी 13 दिसंबर को तेजी है, भाव 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 64.57 डॉलर प्रति औंस है। ग्लोबल सप्लाई में कमी, चीन से लगातार ज्यादा मांग और औद्योगिक खपत में बढ़ोतरी की वजह से इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

देश के महानगरों अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 133260 प्रति 10 ग्राम है, जबकि हैदराबाद में 133210, जयपुर में 133360, भोपाल में 133260 और चंडीगढ़ में 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है।

# सेल की बिक्री अप्रैल-नवम्बर में 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में अप्रैल से नवम्बर के दौरान 14 प्रतिशत बढ़कर 127 लाख टन पर पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 111 लाख टन रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक प्रेंस विज्ञप्ति में बताया कि इस साल नवम्बर में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी। इसमें खुदरा बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख टन रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.84 लाख टन रही थी।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू बिक्री योग्य उत्पाद, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। अप्रैल-नवम्बर के दौरान खुदरा चैनल से बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन रही। यह पिछले साल समान अवधि में 8.6 लाख टन रही थी। कंपनी ने बताया कि इस वृद्धि में राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों का भी योगदान रहा है। उसने कहा कि ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

# विश्वनाथ धाम की चौथी वर्षगांठ पर काशी की सड़कों पर भव्य झांकियां

**वाराणसी।**



धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के चौथे लोकार्पण उत्सव पर शनिवार को सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश और शिव बारात समिति के तत्वावधान में मैदागिन चौराहे से भव्य शोभायात्रा में बाबा विश्वनाथ की भक्ति, काशी के विकास, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय सेना के शौर्य, नारी शक्ति समेत अनेक झांकियां मन मोह रही थीं।

पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाद्ययंत्रों पर बाबा के गण, भूत-प्रेत, किन्नर सभी झूमते-गाते नजर आए। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के उद्घोष से सड़कें गूंज उठीं। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी खूब दिखी। काशी के विकास में रोप-वे की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

ऑपरेशन सिदूर से जुड़ी झांकी लोगों में खूब जोश भर रही थी। डा. तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्षगांठ पर बाबा के भक्तों ने मनमोहक झांकियां निकालीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से और उनके लगातार प्रयासों से काशी विकास के नए-नए अध्याय लिख रहा है। तभी तो काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद चार वर्षों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। यह आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ आर्थिक रूप से प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण है। शिव बारात समिति के महामंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि काशी के कई संगठनों ने इस आयोजन में भागीदारी की है। दर्जनों झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। महादेव के विभिन्न रूप लोगों को देखने को मिले। 50 से ज्यादा महिलाओं की संस्था ने इस आयोजन में शामिल होकर यात्रा को भव्य और दिव्य बना दिया।

# उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्य सरकार की ओर से स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों द्वारा लगातार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल के वर्षों में करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी सेवा छोड़ चुके हैं और आने वाले महीनों में इस संख्या के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ताजा मामला वर्ष 2004 बैच की आईएएस अधिक. ारी अनामिका सिंह का है, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका आवेदन प्रक्रियाधीन है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनामिका सिंह ने हाल के दिनों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारियों में केंद्र में कम प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। अधिकारियों का दावा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भेजे गए कई प्रस्तावों को राज्य सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही है और केंद्र में इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया भी कठिन होती जा रही है। हाल ही में 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमोद कुमार ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वीआरएस लेने वालों में विकास गोठलवाल (2003), विद्या भूषण (2008), जी श्रीनिवासुलु (2005), राजीव अग्रवाल (1993), मोहम्मद मुस्तफा (1995), रिगजिन सैंफेल (2003), रेनुका कुमार (1987) और जुथिका पाटणकर (1988) शामिल हैं। राकेश वर्मा और आरपी सिंह भी सेवा छोड़ चुके हैं। वहीं 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। जी श्रीनिवासुलु ने बाद में अपना वीआरएस आवेदन वापस लेकर पुन: सेवा जॉइन कर ली थी। जिन अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मिली, उनमें से अधिकांश की पोस्टिंग वाराणसी या अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर रही थी।

# कांग्रेस एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी: जयराम रमेश

■ पार्टी नेता ने शशि थरूर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केरल निकाय चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत के बीच सांसद जयराम रमेश ने इशारों-इशारों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी को सबसे पुरानी और एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी बताते हुए कहा कि हमारे एक जाने-माने सांसद लगातार हमारे नेताओं और पार्टी की आलोचना करते हैं, लेकिन हम चुपचाप इसे बर्दाश्त करते हैं।

बीजेपी नेता और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां सभी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है और इसलिए 140 साल से ज्यादा पुरानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बोलने की आजादी के साथ-साथ बोलने के बाद भी आजादी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गंगा नदी से तुलना की और कहा कि मुख्य नदी जो बहती रहती है और उसकी बहुत सारी सहायक नदियां हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों कांग्रेस की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। हाल ही में कई मौकों पर उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की है और बीजेपी की तारीफ भी करते दिखें हैं, जिसके बाद उनकी कांग्रेस से दूरी पर चर्चा तेज है। केरल के निकाय चुनाव में बीजेप के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बहुमत के निशान के करीब पहुंच रहा है, 101 वार्डों में से 50 में आगे चल रहा है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 51 है।

# डीजे की तेज ध्वनि के चलते छात्रा की हार्ट अटैक से मौत

## छात्र के परिजनों में मचा कोहराम, ग्रामीण बोले-डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध लगना चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव अहरोड़ा में शादी समारोह में चढ़त के दौरान डीजे के तेज साउंड से हार्ट बीट्स बढ़ जाने से हार्ट अटैक होने से 14 वर्षीय छात्रा राशि की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। तो वही रालोद विधायक मदन भैया मृतका छात्रा के परिजनों को उनके घर सांत्वना देने पहुंचे।



शुक्रवार को दिन में गांव अहरोड़ा में जोनी वाल्मीकि पुत्र सुंदर की लड़की की बरात आई। गांव में बरात की चढ़त शुरू होने लगी तो, गांव के ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे अपनी छत के ऊपर खड़े होकर बरात की चढ़त को देखने लगे। बरात की चढ़त में तेज ध्वनि वाले दो डीजे के अलावा बैंड बाजा और ढोल भी शामिल थे। बरात की चढ़त को देखने के लिए गांव में नीशू की कक्षा 9 में पढ़ने वाली उसकी पुत्री 14 वर्षीया राशि भी अपने परिवार की महिलाओं एवं अन्य बच्चों के साथ छत पर खड़ी होकर बरात की चढ़त को देख रही थी। इस दौरान छात्रा राशि की चढ़त के दौरान बज रहे दोनों डीजे के तेज वाइबरेंसन साउंड से हार्ट बीट्स बढ़ जाने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोगों ने आनन फानन में गांव के चिकित्सक के यहां चकअप कराया। हालत बिगड़ने पर गांव के चिकित्सक ने उसको खतौली अस्पताल में उपचार कराने को परि. जनों को मशविरा दिया। परिवार के लोग हालत बिगड़ने पर छात्रा राशि को लेकर मुजफ्फरनगर में स्थित प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। परिजनों के मुताबिक अस्पताल में हार्ट अटैक होने से छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत होने से परिवार गमगीन है। परिजनों ने गमगीन माहौल में बिना पुलिस कार्रवाई के मृतका छात्रा के शव को सुपुर्द-ए खाक किया गया। ग्रामीणों ने विधायक मदन भैया से शादी समारोह एवं अन्य अवसरों पर डीजे साउंड पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।

इस दौरान विधायक मदन भैया ने कहा कि डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध के लिए समाज के लोगों को आगे आते हुए समाज में शादी समारोह में डीजे नहीं बजवाने को लेकर जागरूकता लानी होगी। जबकि सरकार ने पहले से ही सीमित आवाज में डीजे बजाने एवं रात्रि 10:00 बजे के बाद पूर्णतया बंद करने के आदेश पहले से ही हैं।

# मुजफ्फरनगर में प्रदूषण रोकने को मंत्री कपिल ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के अत्यंत चिंताजनक स्तर (400) पर पहुँच जाने के गंभीर विषय का संज्ञान लेते हुए, मंत्री कपिल देव ने लखनऊ स्थित अपने शासकीय आवास पर तत्काल एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की। इस बैठक में, मंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण विभाग के सदस्य सचिव, संजीव कुमार सिंह, को मुजफ्फरनगर की वर्तमान प्रदूषित वायु स्थिति से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि इस विकट वायु प्रदूषण के कारण सामान्य जनजीवन पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और आम जनमानस कोश्वास संबंधी एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर ज़ोर दिया कि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। संजीव कुमार सिंह के समक्ष, मंत्री ने मुजफ्फरनगर में वायु प्रदूषण के कारणों की गहन समीक्षा करने और इस पर नियंत्रण पाने हेतु एक सुदृढ़ तथा त्वरित कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने विभाग को स्पष्ट आदेश दिए कि वह वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए तत्काल प्रभाव से सभी आवश्यक एवं उचित कार्यवाहियाँ सुनिश्चित करे। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि प्रदूषणकारी गतिविधियों पर कठोर अंकुश लगाया जाए और जनहित में प्रदूषण नियंत्रण के मानकों का सख्ती से पालन करवाया जाए। मंत्री कपिल देव ने आशा व्यक्त की कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग इस गंभीर स्थिति की तात्कालिकता को समझते हुए अविलंब कार्रवाई करेगा, जिससे मुजफ्फरनगर के निवासी स्वच्छ वायु मेंश्वास ले सके।

# मार्ग की दुर्दशा सुधारने को मंत्री कपिल ने किया अफसरों को तलब

- **श्री राम कॉलेज रेशू फाटक पर सड़क सुधार के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने राम कॉलेज के सामने रेलवे फाटक से ए टू जेड रोड तक लंबे समय से चली आ रही सड़क की बदहाल स्थिति, जलभराव एवं यातायात अवरोध की समस्या को गंभीरता से संज्ञान में लिया है। यह मार्ग प्रतिदिन विद्यार्थियों, स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा आसपास की कॉलोनियों के निवासियों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। स्थिति की गंभीरता एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, मुज़फ्फरनगर में नगर विकास प्राधिकरण, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब किया है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जनता से प्राप्त निरंतर शिकायतों से मिले फीडबैक के आधार पर जिलाधिकारी मुज़फ्फरनगर को पत्र प्रेषित कर संबंधित सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए समस्या के त्वरित एवं स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वर्षा एवं आसपास की कॉलोनियों से निकलने वाला जल सड़क पर एकत्र हो जाता है, जिससे मार्ग पर लंबे समय तक जलभराव बना रहता है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, महिलाओं एवं बुजुर्ग नागरिकों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने यह भी अवगत कराया कि इस समस्या के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा सड़क निर्माण एवं जलनिकासी से संबंधित कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। तकनीकी स्तर पर जल निगम से संबंधित डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) प्राप्त होने के उपरांत कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ तकनीकी औपचारिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करेंगे, ताकि कार्य धरातल पर शीघ्र दिखाई दे। रेलवे फाटक के कारण उत्पन्न यातायात जाम एवं जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रेलवे के वरिष्ठ अधिका. रियों से भी संवाद स्थापित किया है। उन्होंने अंडरपास निर्माण अथवा किसी अन्य व्यवहारिक एवं दीर्घकालीन समाधान पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह समस्या केवल एक मार्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के समग्र यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधा से जुड़ा विषय है। उन्होने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी पर दोषारोपण करना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए राम कॉलेज रोड एवं रेलवे फाटक से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र, स्थायी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करेंगे, जिससे आमजन को वर्षों से चली आ रही असुविधा से राहत मिल सके।



मुजफ्फरनगर: जिला सहकारी बैंक की वार्षिक बैठक में मंचासीन अतिथिगण।

# प्रभारी मंत्री के सामने की रखी समस्याएं

## जिला सहकारी बैंक की वार्षिक बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के भोपा रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में शनिवार को डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक सामान्य निकाय की 91वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और इनका स्वागत पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर संजीव बालियान व बैंक चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने किया। बैठक में आए सदस्यों ने बैंक प्रबंधक के सामने अपनी समस्याओं को रखा और बैंक प्रबंधक के आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने बैंक के वित्तीय स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट दी जिसमें वर्ष भर की आय और व्यय और लाभ की जानकारी बताई गई। उन्होने बताया कि पिछले वर्ष में बैंक ने अच्छे वित्तीय परिणाम प्राप्त किए है, हालांकि कुछ चुनौतियां भी सामने आई है। इस दौरान यहां मौजूद कुछ सदस्यों ने बैंकिंग सेवाओं की सुगमता और समय पर भुगतान की प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए कहा। बैंक प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए सदस्यों को उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टी ही बैंक की प्राथमिकता है और जितनी जल्दी हो सके उन्हे मिली समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इस दौरान बैठक में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी बैंक से संबंधित अपनी राय दी और बैंक के भविष्य के कार्यो की योजनाओ पर चर्चा हुई। बैठक के समापन पर बैंक प्रबंधक ने सभी सदस्यों को यकीन दिलाया कि आने वाले समय में और प्रभावी तरीके से कार्य किया जाएगा। और ग्राहकों की संतुष्ठी सुनिश्चित होगी। उन्होने सभी से सहयोग की उम्मीद जताई। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल शामिल रहे।

# हत्या में फरार बीस हजार की इनामी पत्नी को दबोचा

## मेरठ के थाना लिसाढ़ी गेट के सलमान का शव मिला था छपार क्षेत्र में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पति की हत्या के बाद पुलिस को चकमा देकर इधर उधर छिप रही सलमान की पत्नी को पुलिस ने ढूंढ निकाला और लिखापढ़ी के बाद उसको जेल भेज दिया। हत्या के बाद एसएसपी ने कत्ल की आरोपी महिला पर बीस हजार का इनाम घोषित कर दिया था।



बता दे कि छपार क्षेत्र मे जनपद मेरठ के थाना लिसाढी गेट निवासी सलमान का गोली लगा शव बरामद हुआ था। पुलिस ने घटना के दिन इस मामले में कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था और मृतक की पहचान के बाद सलमान के परिजन भी यहां पहुंच गए थे। पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू की तो हत्या के मामले में प्रकाश में आए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस छानबीन में सामने आया था कि मृतक सलमान की पत्नी सुमायला के किसी युवक से संबंध थे और विरोध करने पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर सलमान की हत्या कर दी।

सलमान की हत्या गोली मारकर की गई थी और शव को छपार क्षेत्र में फेंक दिया गया था। पुलिस घटना के दिन से ही सलमान की पत्नी सुमायला की तलाश करती रही कई स्थानों पर छापेमार करती रही लेकिन उसका कही पता नहीं चला जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने महिला पर बीस हजार का इनाम घोषित कर दिया था। बताया जाता है कि पति की हत्या में आरोपी पाई गई सुमायला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

जहां सूचना के आधार पर पुलिस ने दिल्ली में अपना जाल बिछाया और वहां छुपी हत्या में वांछित सुमायला को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि सुमायला को गिरफ्तारी के बाद ट्रांजिड रिमांड पर छपार लाया गया और उसको कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# सड़क गुणवत्ता की जांच को नमूने जुटाए

**मुजफ्फरनगर।** पीनना में राजबाहे पर बनाई गई सड़क की खराब गुणवत्ता सोशल मीडिया पर छाई तो अधिकारियों ने इस मामले की जांच बैठा दी है।

दरअसल सड़क की गुणवत्ता को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने यह मामला उठाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल की थी जिसके बाद सिंचाई विभाग द्वारा सदर तहसील के गांव पीनना में रजवाहे पर बनाई गई नई सड़क में अनियमितताएं मिलने पर सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशमुख ने मौके पर पहुंच कर सड़क की जांच पड़ताल कराई और सड़क में लगाए गए मैट्रियल के नमूने इकट्ठा कराए जिसकी जांच पड़ताल कराई जाएगी।

# मुठभेड़ में बाइक लूट का आरोपी घायल

- **हत्या की साजिश रचने का आरोप, हथियार बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड के बाद पुलिस की गोली लगने से लूट में शामिल एक आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश के तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इनके कब्जे से लूटी गई मोटरसाईकिल बरामद हुई है और यह गिरोह एक हत्या की साजिश रच रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानमारी देते हुए बताया कि एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ सदर डॉक्टर रवि शंकर मिश्रा के निर्देशन में पुरकाजी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड हुई। इस समय पुरकाजी थाना प्रभारी जयवीर सिंह और उनकी टीम जंगल में घुम रही थी इसी बीच बदमाशों के साथ मुठभेड हो गई।



पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी जहां जवाबी फायरिंग में कार्तिक घायल हो गया और उसके तीन साथी अभिषेक पुत्र सुक्का, भरत पुत्र सोमा, शाहबान पुत्र इरशाद को भी जंगल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस दावा कर रही है कि इनके कब्जे से अवैध असलाह और लूटी गई एक मोटरसाईकिल बरामद की गई है। पुलिस का यह भी दावा है कि पकडे गए बदमाश हत्या की योजना बना रहे थे।

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा छूट की मांग

- **मुख्यमंत्री के नाम अभ्यर्थियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** यूपी पुलिस, पीएसी फायरमैन व उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की आगामी भर्तियो में आयु सीमा में छुट की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने सीएम के नाम जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा। पत्र में अभ्यर्थियों ने मांग रखते हुए कहा कि वर्ष 2018 के बाद से यूपी पुलिस कांस्टेबिल, पीएसी और फायरमैन के पदों पर कोई भर्ती नहीं हुई है। इसमें लगभग सात वर्षो के लंबे समय के बाद भर्ती बोर्ड द्वारा एक सितम्बर 2025 को अपने अधिकारिक एक्स एकाउंट के माध्यम से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि दिसम्बर 2025 से उक्त सभी भर्तियां प्रस्तावित है और यह सभी भर्तिया कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार की जा रही है।

पत्र में अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि यूपी विशेष सूरक्षा बल के पद सृजित होने के बाद पहली बार भर्ती होगी। अभ्यर्थियों ने कहा लम्बे समय तक भर्ती प्रक्रिया न होने के कारण लाखों अभ्यर्थियों की आयु भी अधिक हो चुकी है और वह इन भर्तियों में आवेदन से वंचित हो रहे है।

मांग पत्र में सीएम से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपनाते हुए पुलिस कांस्टेबिल, पीएसी, फायरमैन व यूपी एसएफ की सभी आगामी भर्तियों में केवल एक बार तीन वर्ष की विशेष आयु छुट देने की मांग भी की गई है। मांग पत्र मे कहा गया कि योग्य अभ्यार्थि को प्रदेश व देश की सुरक्षा में सेवा का अवसर मिलना चाहिए।

इस दौरान राहुल सिंह, अंकित बालियान, अभीजीत बालियान, अनिकेत शर्मा, विशु मलिक, अमित कुमार, विशाल सिंह, सचिन बालियान आदि शामिल रहे। अभ्यर्थियों ने दिए गए पत्र मे बताया कि कोविड काल में भर्ती न आने से हजारो अभ्यर्थियों की उम्र ज्यादा हो चुकी है इसलिए भर्ती में उन्हे समस्याएं उत्पन्न हो रही है।

# लोक अदालत में तीन लाख से अधिक वादों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा लोक अदालत में होने वाले फैसले में हार जीत का कोई प्रश्न नहीं रह जाता है, क्योंकि जब वादकारी आपसी समझौते के आधार पर वाद का निस्तारण करते हैं तो उनके मध्य आपसी सौहार्द बना रहता है एवं उनके अमूल्य समय की बचत भी होती है। लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालयों के द्वारा 67 मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर द्वारा अपने सम्बोधन में यह कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम



से निस्तारित कराने का एक बहुत बड़ा माध्यम है तथा त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। सचिव, सीताराम ने बताया कि आज कुल तीन लाख सत्तावन हज़ार नौ सौ चवन (3,57,954) प्रकरण निस्तारित किये गये। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण आदेश नैन के द्वारा कुल 73 वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया व 6,35,13,000/- रूपये प्रतिकर प्रदान किया गया।

जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर, के विभिन्न न्यायालयों के द्वारा कुल 6306 शमनीय फौजदारी एवं 47 दीवानी यादों का निस्तारण करते हुए शमनीय फौजदारी वादों में 9.34. 460/-रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा दीवानी वादों में 1,68,000/- रूपये का उत्तराधिकार आदि का अनुतोष प्रदान किया गया। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा कुल 16,331 राजस्व मामलों का निस्तारण कर 99,44,233/- रूपये का राजस्व वसूल किया गया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के द्वारा 731 बैंक ऋण मामले निस्तारण कराकर लगभग 5,43,77,000/- रुपये की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। यहां पर जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंव. रपाल सिंह, महासचिव चंद्रवीर सिंह निर्वाल, सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल, महासचिव राज सिंह रावत, अपर जिला जज विष्णु चन्द्र वैश्य, अपर जिला जज आशा रानी सिंह, श्री सीताराम, कनिष्क कुमार सिंह, काशिफ शेख, दिनेश प्रताप सिंह, रीमा मल्होत्र, अलका भारती, दिव्या भार्गव, मंजुला भलोटिया, निशान्त सिंगला, कमला. पति प्रजापति, रवि कुमार दिवाकर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. देवेन्द्र सिंह फौजदार, भारतीय स्टेट बैंक के डी.जी.एम. राजकुमार सिंह, ए.जी.एम. सुधीर कुमार व लीड बैंक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, समस्त बैंको के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर महेन्द्रा ट्रैक्टर ने बांटे ग्राहक पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेदी ट्रैक्टर्स महिन्द्रा ट्रैक्टर एवंम महिन्द्रा कम्पनी, भोपा रोड द्वारा किसान दिवस व भारत के पाँचवे प्रधानमन्त्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष में किसान ग्राहक पुरुस्कार वितरण व लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। जिसमे सितम्बर व अक्टूबर 2025 माह में जिन किसान भाईयों ने ट्रैक्टर खरीदे थे। उन्ही के लिये समारोह आयोजित किया गया, जिसमे लगभग 209 किसान भाईयों ने भाग लिया।



प्रोग्राम में प्रथम ईनाम में। शुभम, ग्राम जसीला की मोटरसाईकिल, दूसरे ईनाम मे आरिफ, ग्राम बेगराजपुर की मोटरसाईकिल, तीसरे ईनाम के रूप में चतरपाल, ग्राम गढी देशराज को लेपटॉप, चौथे ईनाम के रूप में मुस्तकीम ग्राम सिखरेडा को मोबाईल तथा पाँचवे इनाम के रूप में सात एल. ई.डी. टी. वी. तथा बाकी सभी को डीनर सैट ईनाम के रूप में दिये गये। बेदी ट्रैक्टर्स के मालिक सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी द्वारा महिन्द्रा ट्रैक्टर व कृषि यन्त्रों की छूट के बारे में सभी किसान भाईयो को जानकारी देते हुए धन्यवाद किया तथा सम्मान समारोह को सफल बनाने में मनप्रीत सिंह बेदी, हनप्रीत सिंह बेदी, सुदीप सिंह वेदी, प्रममेहर सिंह बेदी, सुखमनी वेदी व येदी ट्रेक्टर समस्त स्टाफ एवं महिन्द्रा कम्पनी के स्टेट हैड अमित सेठी व एरिया मैनेजर सौरन त्यागी का योगदान रहा। यहां किसान भाईयो व मीडिया प्रभारियों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई।





# भैंसी बाईपास पर हादसा: तेज़ रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के भैंसी बाईपास पर शनिवार को एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना सामने आई, जिसने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की लाप. रवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेज़ रफ्तार और लापरवाही से चल रहे एक ट्रक ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सद्दीक नगर निवासी शाहिदा ने थाना खतौली में दी गई अपनी तहरीर में बताया कि उनका बेटा आदिल रोज़ की तरह ई-रिक्शा चलाते हुए सामान लेने जा रहा था। जब वह भैंसी बाईपास पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने तेज़ गति और असंतुलित ढंग से वाहन चलाते हुए उसके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।।हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आदिल को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को एंबुलेंस की मदद से बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उपचार जारी है।पीड़िता शाहिदा का कहना है कि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। ?

उन्होंने पुलिस से आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाह घटनाओं पर रोक लग सके। हादसे की सूचना मिलते ही थाना खतौली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु



कराया। साथ ही ट्रक चालक की पहचान और वाहन नंबर के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि भैंसी बाईपास पर भारी वाहनों की तेज़ रफ्तार आए दिन हादसों का कारण बन रही है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त निगरानी, स्पीड कंट्रोल और ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शासन के आश्वासन के बाद शिवसेना और क्रांति सेना का कार्मिक अनशन स्थगित : बिट्टू सिखेड़ा



**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर तहसील सदर क्षेत्र के गांव मिमलाना गांव की हिंदू लड़की की बरामदगी ने होने के कारण शिव सेना और क्रांति सेना के द्वारा कार्मिक अनशन को अगली तिथि तक स्थगित किया गया वही जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव सेना जिला कार्यालय पर सीओ मंडी राजू साव और सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा से वार्ता के बाद संतुष्ट जवाब मिलने पर क्रांति सेना पदाधिकारी के साथ मिलकर कार्मिक अनशन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया

## गायों के लिए गौशाला में रबर के गद्दे बिछाने की मांग

**बुढाना।** कस्बा बुढ़ाना के बडकता रोड पर स्थित बुढ़ाना नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में बुढ़ाना कस्बे के काफी व्यापारी बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव से पुरजोर मांग करते हैं कि भयंकर ठंड में गाय माता के बैठने के लिए रबर के गद्दे बिछवाए जाएं ताकि भयंकर ठंड में किसी भी गौमाता को किसी भी तरह का नुकसान ना हो सके और गौमाता की घास खाने वाली खोर की मरम्मत कराई जाए। उक्त मांग करने वाले व्यापारियों में मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंघल नंगला, डाक्टर अरविंद गोयल, संजीव कुमार संगल, आयुष कुमार गर्ग और रविंद्र कुमार कंसल सहित अन्य कई और व्यापारी भी हैं।

### कोई आपका कर रहा है इंतजार....

# धुन्ध के चलते सुबह के समय चलें संभलकर

**बुढ़ाना।** अगर आप अल सुबह के समय घर से उठकर अपने करोबार के लिए मोटर साइकिल या कार से बाहर निकल रहे हैं या फिर कहीं इमरजेंसी में दूर जाने लग रहे हैं तो संभलकर चलें क्योंकि घना कोहरा आपको किसी भी तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। आज शनिवार की अल सुबह विजीबिलिटी बहुत कम रही। जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि दिसंबर व जनवरी में हर वर्ष कोहरे की समस्या रहती है। सुबह इस सदह्र के सीजन में पहली बार घना कोहरा पड़ा। लोगों को सफर करने में मुश्किल हुई। चालकों को वाहनों को चलाने में दिक्कतें हुई। लाइट जाकर मंजिल तक पहुंचे। कोहरे के कारण ख्रश्यता बहुत कम थी। लोग बहुत ही कम स्पीड से अपने अपने वाहनों को चलाते हुए दिखाई दिए। आज बुढ़ाना क्षेत्र में सुबह सदह्र के मौसम का पहला घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते विजीबिलिटी लगभग शून्य हो गई। जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। वाहनों को कई बार रोकना पड़ा। चालकों को पार्किंग लाइट और हेडलाइट जलाकर धीमी गति से आगे बढ़ना पड़ा। फॉग की तीव्रता से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। कुछ जगहों पर ठंडी हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। घने कोहरे के कारण सुबह के समय सड़कों पर ख्रश्यता काफी कम हो गई है। इससे स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र छात्राओं को भी आवागमन में परेशानी हुई। वाहन चालकों को भी सड़कों पर स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। मौसम विभाग के अनुसार यहां ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। सलाह दी गयी है कि कोहरे में आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकले और गर्म कपड़े जरूर पहनें। कुल मिलाकर घना को. हरा भयंकर ठंड में लोगों की परेशानी का सबब बन रहा है।

## दो सप्ताह से गायब युवक का नहीं लगा सुराग

**बुढ़ाना।** लगभग दो सप्ताह से एक युवक मेहमानदारी करने के बाद अपने घर पर नहीं पहुंचा है। इस बात का पता गायब युवक के परिजनों को आज शनिवार के दिन उस समय लगा जब वह घर पर नहीं आया और वे खुद मेहमानदारी में अपने पुत्र को तलाश करने के लिए आ गये। अब इस बात की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मुकेश जांगड़ा पुत्र खचेड़ू निवासी गांव परासौली ने बुढ़ाना पुलिस को आज शनिवार की देर रात बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर एक तहरीर के आधार पर बतलाया कि उसका साला रविंद्र पुत्र प्रीतम निवासी गांव इदरीशपुर थाना दोघट जनपद बागपत बीती 28 नवम्बर को हमारे घर पर गांव परासौली में आया हुआ था। वह दो दिन रहने के बाद बीती 30 नवम्बर को अपने घर के लिए चला गया था। शनिवार के दिन मेरे ससुर ने घर आकर मुझे सूचना दी कि उनका पुत्र रविंद्र अब तक भी घर पर नहीं पहुंचा। दो सप्ताह से रविंद्र का कोई भी पता नहीं है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर गायब युवक की तलाश शुरु कर दी है।

# कोल्हुओं में जल रहा है प्रतिबंधित ईधन

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** एनसीआर क्षेत्र मे संचालित कोल्हुओ इन दिनों प्रतिबंधित ईधन का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा हेस जिससे चरथावल क्षेत्र सहित बस्तीयो मे वायु प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा हे कोल्हुओ से निकलने वाला काला और जहरीला धुआँ वातावरण मे इस कदर फेल रहा हे की स्थानीय नागरिकों का वातावरण मे सांस लेना दुभर होता जा रहा हेस इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रण विभाग की चुप्पी ग्रामीणों की नाराजगी को और बढ़ा रही हे

स्थानीय नागरिकों का कहना हे की पहले कोल्हुओ मे परम्परागत ईधन का प्रयोग किया जाता था जिससे धुआँ कम निकलता था लेकिन पिछले कुछ वर्षो से कई कोल्हू संचालक सस्ते और प्रतिबंधित ईधन जैसे प्लास्टिक, रबर,पुराने टायर जला रहे हेस इन पदार्थो के जलने से निकलने वाला धुआँ कई जहरीले रसायनो से भरपूर होता हे जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता हे ग्रामीणों का कहना हे की सुबह और शाम गाँवो मे काला कुहासा सा छा जाता हेस आँखों मे जलन, खांसी,सांस फूलना और एलर्जी की शिकायते बढ़ रही हे बुजर्गो और बच्चो पर इसका प्रभाव सबसे अधिक दिख रहा हे अने. को ग्रामीणों को इससे बहुत ज्यादा परेशानी हो रही हेस वही किसानों ने बताया की इस धुए के कारण खेती पर भी काली सी परत जम जाती हे जिससे पैदावार भी प्रभावित हो रही हे पशुपाल. को का भी कहना हे की मवेशियों मे भी शवसन संबंधी दिक्क्ते बढ़ रही हे ग्रामीणों का आरोप हे की प्रदूषण नियंत्रण विभाग इस पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा हेस आरोप हे की विभाग की टीम बहुत कम ही क्षेत्र मे आती हे और कोल्हुओ की वास्तविक हालत की जाँच नहीं करती हे वही कुछ कोल्हू स्वामी तो बिजली विभाग से साठगाठ कर चोरी की बिजली चलाकर सरकार को बड़ी हानि पहुंचा रहे हेस जानकारों के अनुसार प्रतिबंधित ईधन के जलने से न सिर्फ वायु गुणवत्ता खराब होती हे बल्कि लम्बे समय मे फेफड़ों, ह्रदय,और त्वचा संबंधी बीमारियों का भी खतरा भी बढ़ जाता हेस ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से मांग की हे की तत्काल कार्रवाई करते हुए कोल्हुओ की सघ्न जाँच की जाए दोषी कोल्हू संचालको पर कार्यवाही की जाए

## थाना प्रभारी ने समस्याएं सुनकर कराया निस्तारण

**मीरापुर।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान थाने में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं घरेलू विवाद से संबंधित मामले शामिल रहे। थाना प्रभारी ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि सभी मामलों का निस्तारण निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों से शालीन व्यवहार रखा जाए और विवादों को आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाए। थाना प्रभारी ने आम जनता से भी अपील की कि वे समाधान दिवस का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

# दशमेश पब्लिक स्कूल में इंस्पिरेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल में महिला इंस्पिरेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, ऊर्जा और खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों श्रीमती रीता शर्मा, श्रीमती नरेंद्र कौर सहोता, श्रीमती सुनीता आहूजा तथा विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सिम्मी सहोता द्वारा मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण, गुब्बारों का विमोचन एवं भव्य मार्च पास्ट आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अनुशासन और एकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनभर आयोजित दौड़ प्रतियोगिताएँ, रिले रेस, रस्साकशी जैसे खेलों ने वातावरण को जोश और उमंग से भर दिया। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के लिए 50 मीटर रेस, बैलून रेस, रैबिट रेस तथा कप एंड बॉल रेस कराई गई। वहीं कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट्स, आत्मरक्षार्थ लाठी प्रदर्शन, डंबल पीटी, योग, ब्लाइंड रेस, मार्च पास्ट, बैडमिंटन, कबढी, शॉट पुट, लॉन्ग जंप और टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने गणेश वंदना, गिद्दा और भांगड़ा जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की रंग-बिरंगे परिधानों में हुई परेड ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में अभिभावकों की रेस भी आयोजित की गई। खेल दिवस ने बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आमिर खान सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# सुविधा के अभाव में भी पहलवानी सीख रहे युवा

## अंतराष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन कर चुका नदीम

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव उमरपुर में खाली पड़े एक बडे मैदान में पहलवान शमीम और पहलवान शादाब के द्वारा कई सालों से ग्रामीण अंचल में रहने वाले युवाओं को पहलवानी के निरूशुल्क गुर सिखाए जा रहे हैं। इसके लिए इस मैदान में बाकायदा एक अखाडा भी बना है। जिसमें करीब दो दर्जन युवा पहलवानी सीख रहे हैं। विख्यात पहलवान शादाब और शमीम अखाड़े में आने वाले सभी युवाओं को कुश्ती का हुनर सिखा रहे हैं।



कुश्ती सीख रहे इन युवाओं से इन प्रशिक्षकों द्वारा किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता। यहां शुक्रवार को दंगल होता था लेकिन किसी कारण से विशाल दंगल का आयोजन बंद हो गया। दंगल में राष्ट्रीय स्तर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के छोटे बड़े कई पहलवान भाग लेते थेघ् अखाड़े में करीब 25 पहलवान भारतीय कुश्ती के दांव पेंच सीख रहे हैं। पहलवान शादाब बताते हैं कि हमें इसके लिए न तो सरकार से न ही किसी जनप्रतिनिधि से मदद मिल रही है। सुविधाओं के अभाव में बच्चे पहलवानी की तैयारी उनके छोटे मोटे सहयोग से कर रहे हैं। पहलवानों के लिए यहां गद्दों की व्यवस्था नही। जब अखाड़े का स्वरुप बदलते हैं तो पुलिस झूठी शिकायत पर अखाड़े में काम रुकवा देती है। बच्चे सुबह के 4 बजते ही दंड बैठक व आसन करते हैं। अखाड़े में एक दूसरे का मुक. ाबला कर कुश्ती के दांव पेंच सीखते हैं। गांव के नदीम पहलवान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में गांव का नाम रोशन कर चुके हैं। उमरपुर, सुल्तानपुर, शाहडब्बर, मदीनपुर खिजरपुर, कसेरवा आदि गांव के युवा अखाड़े में आते हैं। कुश्ती सीखते हैं। उन्हें 20 साल हो गये हैं। वे पहलवान बनाने के लिए पहले सैर फिर एक्सरसाइज कराते हैं। गांव में कोई इंटर कालेज नहीं। कोई खेल का मैदान नहीं। बैंक भी नहीं। महिलाओं के घूमने हेतू भी कोई पार्क नही। वैसे उमरपुर गांव अन्य सुविधाओं से भी वंचित है। गांव उमरपुर के प्रधान या फिर जिला पंचायत सदस्य भी इस और ध्यान नही देते हैं।

## कई लाख रुपये की पुराली जलकर स्वाहा

**बुढ़ाना।** खड़ी हुई ट्राली में भरी पुराली में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये की कीमत की पुराली कुछ ही घंटों में जलकर भस्म हो गयी। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाते हुए ट्राली और ट्रेक्टर जलने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी यूसुफ अहमद आज सुबह के समय हरियाणा राज्य से लाखों रुपये की पुराली पशुओं के चारे के लिए ट्रेक्टर ट्राली में भरकर लाए थे। ट्रेक्टर ट्राली उन्होंने घर के बाहर कांधला रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प के सामने खड़ी कर दी थी। आज शनिवार की देर शाम अचानक से रहस्यमय परिस्थितियों में पुराली में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी तो अफरा तफरी का माहोल बन गया। सैंकड़ों ग्रामीण अपने स्तर से मिटी और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। उधर ग्रामीणों की सजगता के चलते ट्रेक्टर और ट्राली को जलने से बचा लिया गया। लगभग डेढ़ लाख रूपये की कीमत का नुकसान बताया गया है।ट आग शार्ट सर्किट से लगी या किसी ने लगाई इसका पता देर रात समाचार लिखे जाने तक भी पता नहीं लग पाया था। आग लगने की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और यूसुफ अहमद से घटना की जानकारी ली।

## युवती को बहलाकर ले जाने का आरोप, अनहोनी की आशंका

**मोरना।** सप्ताह पूर्व युवक द्वारा युवती को बहका कर ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए युवती की बरामदगी की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र देकर बताया की बीते सात दिसम्बर की शाम उसकी बहन को गैर जनपद निवासी युवक बहका फुसला कर ले गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने युवती की बरामदगी की मांग की है।पुलिस ने शामली जनपद के गांव सलफ़ा निवासी राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं एक अन्य मामले मे थाना ककरौली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने नाबालिग भतीजी को बहका फुसलाकर ले जाने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# एआईएमआईएम में हुई कई नई नियुक्तियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेश पर आज शनिवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ में स्थित शानू अब्बासी के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद बैरिस्टर असद्दुदीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करने पर चर्चा की गयी और आने वाले दिनों में बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड मेंबर के चुनाव पर भी ज़ोर दिया गया। इसके अलावा यहां पर सभी की सहमति से शानू अब्बासी और शाहवेज मलिक को आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का बुढ़ाना नगर का सचिव बनाया गया।

इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद. ुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला महासचिव आज़म फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, सलीम बेग आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इस दौरान काफी लोगों ने विभिन्न पार्टियां छोडकर यहां पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी को मजबूत करने की बात कही।

## उधार के रुपये मांगने पर वृद्ध से मारपीट व जान से मारने की धमकी, थाने में दी तहरीर



**कांधला।** मोहल्ला रायजादगान निवासी वृद्ध रशीद अहमद ने शनिवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले लतीफ ने उससे कई माह पूर्व 30 हजार रूपए उधार लिए थे। कई बार रूपए वापस मांगने के बावजूद लतीफ ने रकम नहीं लौटाई। आरोप है कि शनिवार को जब रशीद अहमद ने दोबारा अपने रूपए मांगे तो लतीफ और उसके परिवार के सदस्य सद्दाम ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि वृद्ध की तहरीर प्राप्त हुई है, पीड़ित व्यक्ति आश्ऊ दिया गया और जल्दी उसकी समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## संगीत सरिता म्यूज़िक एकेडमी के विद्यार्थियों ने बढ़ाया जनपद का मान



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संगीत नाटक अकादमी का फाइनल कार्यक्रम, लखनऊ ,गोमती नगर स्थित, संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ जहां संगीत सरिता म्यूज़िक एकेडमी के विद्यार्थी निलेश मिश्र एवं विशेष मिश्र ने अपनी प्रस्तुति दी एवं जिले का मान बढ़ाया। निलेश ने अवन) वाद्य की विधा में 2 दिसंबर 2025 को तबला एकल वादन कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, वहीं 9 दिसंबर 2025 को विशेष मिश्र ने शास्त्रीय गायन के ख्याल - तराना की विधा में अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को अभिभूत किया।

पूर्व में 06 सितंबर 2025 , सहारनपुर में आयोजित हुई संभागीय प्रतियोगिता में दोनों विद्यार्थियों ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर फाइनल कार्यक्रम में अपनी जगह बनाई।

### थाना समाधान दिवस में शिकायत पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गांव गढ़ी दौलत निवासी सोनू ने कई ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर बताया कि गली में पानी की निकासी नहीं होने से जलभराव हो गया है।

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नायब तहस. ीलदार सतीश कुमार ने हल्का लेखपाल शुभम व पुलिस टीम को मौके पर भेजकर तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर पहुंची टीम ने पानी की निकासी कराते हुए जलभराव की समस्या का समाधान कराया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भूम्मा में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें न्याय पंचायत कैथोड़ा के अंतर्गत सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान भूम्मा रश्मि तथा संकुल प्रभारी मयंक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

कार्यक्रम के दौरान खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 50 मीटर दौड़ (प्राथमिक बालक वर्ग) में कंपोजिट विद्यालय भूम्मा के अली ने प्रथम तथा अमान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ (प्राथमिक बालक वर्ग) में भी अली प्रथम और सुफियान द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ (उच्च प्राथमिक बालक वर्ग) में उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ी सराय के अर्श ने प्रथम तथा कंपोजिट भूम्मा के तालिब ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

लंबी कूद प्रतियोगिता में कंपोजिट भूम्मा के अली प्रथम एवं खेड़ी सराय के शाहनवाज द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में रामसा ने प्रथम और सना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कंपोजिट विद्यालय भूम्मा के समस्त स्टाफ



का सराहनीय योगदान रहा। विशेष रूप से एकता बंसल, मनोज कुमार, अजय कुमार, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, आरती अग्रवाल, अंशु काम्बोज, पूनम रानी, आरती एवं प्रेमा नेगी सहित अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## देहात से कादिर सिद्दीकी ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के इदरीस बेग विहार कॉलोनी में ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी के आवास पर देहात क्षेत्र के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कादिर सिद्दीकी को कांधला देहात से ग्राम प्रधान पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। प्रत्याशी घोषित होते ही मौजूद लोगों ने फूल-मालाओं से कादिर सिद्दीकी का भव्य स्वागत किया।बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी ने कहा कि देहात में जो विकास कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें कादिर सिद्दीकी पूरा करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कादिर सिद्दीकी लगातार देहात के लोगों से संपर्क कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने पक्ष में सकारात्मक माहौल बना रहे हैं।कादिर सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि उन्हें ग्राम प्रधान बनने का अवसर मिला तो वह सर्व समाज को साथ लेकर चलेंगे और देहात के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देहात की कोई भी गली या सड़क कच्ची नहीं रहेगी, सभी गलियों को पक्का कराया जाएगा तथा पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने का भी प्रयास किया जाएगा।बैठक में शमीम अहमद, अय्यूब काकड़ा, दिलशाद, हारुन, जावेद काला, इंतजार सिद्दीकी, कालू, मूदा, जाकिर अली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# यूरिका जूनियर प्रतियोगिता में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आईआईटी बॉम्बे की 'यूरिका जूनियर' प्रतियोगिता में जीडी गोयनका विद्यालय के छात्रों की शानदार उपलब्धि

जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों-वानिया साहनी, माही गर्ग एवं देवांग गिरधर ने 10 दिसंबर को आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'यूरिका जूनियर' प्रतियोगिता में द्वितीय उपविजेता का सम्मान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी विचारों, रचनात्मक सोच एवं उत्कृष्ट टीमवर्क का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है, बल्कि विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार-प्रेरित वातावरण को भी दर्शाती है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# खतौली कोतवाली में एडीजी का औचक निरीक्षण

## लंबित विवेचनाओं पर सख्ती, अतिक्रमण और अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने खतौली कोतवाली का अचानक निरीक्षण कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय, अभिलेखों की स्थिति और साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। एडीजी ने लंबित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों को समयबद्ध और प्रभावी न्याय मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर में नीलामी के बाद भी बड़ी संख्या में खड़े वाहनों को देखकर एडीजी असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने तत्काल प्रभाव से इन वाहनों को परिसर से हटवाने के आदेश दिए। इसके साथ ही नालियों में गंदगी पाए जाने पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश भी दिए गए। कोतवाली आवासों के निरीक्षण के उपरांत एडीजी भानु भास्कर जीटी रोड पर उतरे और कोतवाली से जानसठ तिराहे तक पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बढ़ते अतिक्रमण, सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और संभावित सड़क हादसों को लेकर चिंता जताई। संबंधित विभागों को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली में मौजूद फरियादियों से एडीजी ने सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आईजीआरएस से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण पर जोर दिया। मीडिया से बातचीत में एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत अधिकारियों की समय पर उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई है। साथ ही हाल ही में खतौली में हुई लूट की घटना के अनावरण को लेकर भी समीक्षा की गई, जिसका शीघ्र खुलासा किए जाने का भरोसा दिया गया। इसके बाद एडीजी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर हाईवे का निरीक्षण किया। अवैध कट, सड़क किनारे खड़े वाहनों और यातायात नियमों के उल्लंघन पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ राम आशीष यादव, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल, क्राइम इंस्पेक्टर नरेश कुमार सहित कोतवाली के सभी उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## अवैध घुसपैठ पर ज़ीरो टॉलरेंस: खतौली थाना निरीक्षण में एडीजी भानु भास्कर के सख्त तेवर

**, खतौली।** शनिवार को थाना दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मेरठ ज़ोन के एडीजी भानु भास्कर ने खतौली थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। अचानक हुए इस निरीक्षण से थाना परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एडीजी भानु भास्कर ने अवैध घुसपैठ के मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए साफ शब्दों में कहा कि किसी भी हालत में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। एडीजी ने निर्देश दिए कि संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की गहन जांच की जाए और संबंधित विभागों व सक्षम अधिकारियों के समन्वय से डीपोर्टेशन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस पूरे अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही को अस्वीकार्य बताया गया। थाना स्टाफ से संवाद करते हुए एडीजी ने जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने, प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता, निष्पक्षता और पारदर्शिता ही जनता के बिश्वास की सबसे बड़ी नींव है। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित और न्यायसंगत कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के अंत में एडीजी ने स्पष्ट किया कि पुलिस और जनता के बीच बिश्वास का रिश्ता तभी मजबूत होगा, जब हर शिकायत पर ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

# कोतवाली के साए में 80 लाख की लूट

## एडीजी भानु भास्कर एक्शन में, पीड़ित परिवार से की सीधे पूछताछ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई करीब 80 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट ने पुलिस व्यवस्था की चौकसी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। घटना के एक सप्ताह बाद भी खुला. सा न होने पर मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर स्वयं मैदान में उतर आए। शनिवार को कोतवाली का औचक निरीक्षण करने के बाद एडीजी सीधे पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जानकारी ली।

एडीजी भानु भास्कर ने पीड़ित परिवार से लूट की पूरी टाइमलाइन, बदमाशों की गतिविधियों, हुलिए और वारदात के तरीके को विस्तार से समझा। इसके बाद उन्होंने खतौली पुलिस को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि मामले का शीघ्र और प्रभावी खुलासा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधियों को हर हाल में सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। साथ ही, पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनके साथ है और उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।

गौरतलब है कि मोहल्ला लाल मोहम्मद निवासी प्रॉपटह्न डीलर नाजिम अली के घर बीते शुक्रवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाश इलेक्ट्रिशियन व डेकोरेशन कमह्न बनकर पहुंचे थे। रात करीब 11 बजे हेलमेट पहने एक बदमाश ने दरवा. जा खटखटाया। जैसे ही दरवाजा खुला, बदमाशों ने धक्का देकर घर में घुसते ही महिला को दबोच लिया और पिस्टल की नोक पर चार महिलाओं को बंधक बना लिया। इसके बाद अलमारियां तोड़कर करीब 65 तोला सोना-चांदी और 11 लाख रुपये नकद समेत लगभग 80 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली गई।

घटना के बाद से ही एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत स्वयं जांच की निगरानी कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच, एसओजी और स्वॉट की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, हालांकि अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। एडीजी के दौरे और सख्त रुख के बाद पीड़ित परिवार को कुछ राहत मिली है, वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही इस हाई-प्रोफाइल लूट का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद स्पोर्ट वीक का हुआ समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे के आर्यन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एक सप्ताह से चले आ रहे हैं सपोर्ट वीक का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश के द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को सपोर्ट के प्रति भी हमेशा उपस्थित रहना चाहिए उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। तो वही सीनियर वर्ग व जूनियर वर्ग के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम व नृत्य पेश कर वहां उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक सुशोभित, अनीता, मनोज चौहान व समस्त विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### संक्षिप्त समाचार

## प्रमुख विनोद मलिक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव कसेरवा में एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोक. दल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि कोई भी युवा पूरे मन से किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहा है तो उसे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि युवाओं को किसी भी प्रकार की सहायता या उनके स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होगी तो वे पूरी निष्ठा से उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं और ये आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिएं। इससे गांव की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन होता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली कल्याणपुर, आदिल प्रधान कल्याणपुर, शाहजेब अहमद, आसू अहमद, नौशाद अहमद, जित. ेंद्र मलिक, यूनुस अहमद और लविश जांगिड आदि सैंकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली।

## दो बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

**छपार।** बरला बसेडा मार्ग पर एक आवारा पशु को बचाने में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिससे उन पर सवार दो बच्चे, एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया। शनिवार को वाजिद निवासी गांव बेहडा बाइक से बरला की ओर से अपने गांव जा रहा था ओर जनपद सहारनपुर के गांव कपासी थाना गागलहेडी निवासी आनन्द अपनी पत्नी बेबी व दो छोटे बच्चों के साथ बाइक पर अपनी ससुराल बसेड़ा से अपने गांव जा रहा था जब वे मांडला कट के निकट पहुंचे तो एक गाय सड़क पार कर रही थी उसे बचाने में दोनों बाइक आपस में भिड़ गई जिससे सभी बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

## नौ साल की बच्ची रहस्यमय ढंग से लापता

**बुढ़ाना।** अपने घर से किरयाना स्टोर पर घर का सामान लेने गयी नौ साल की एक बच्ची अपने घर पर नहीं पहुंची। परिजनों ने पहले तो यह सोचा कि बच्ची कुछ देर में आ जाएगी लेकिन जब बच्ची घंटों बाद भी घर पर नहीं आई तौ परिजन परेशान हो गये। परिजनों ने बच्ची को संभावित जगहों पर तलाश किया लेकिन देर रात तक समाचार लिखे जाने तक भी बच्ची का कोई पता नहीं लग पाया था। परिजनों ने इस मामले में बुढ़ाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देते हुए बच्ची की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर गायब बच्ची की तलाश शुरु कर दी है। बताया जाता है कि लगभग नौ साल की एक बच्ची अफशा पुत्री इरशाद अंसारी आज शनिवार की सुबह लगभग सात बजे रोजाना की भांति अकेली ही अपने घर से घर के पास ही कुछ दूरी पर स्थित एक किरयाना की दुकान पर कुछ घरेलू सामान लेने के लिए गई हुई थी। जो रात सात बजे तक भी अपने घर पर नही पहुंची। जिसको परिजन सुबह से ही तलाश कर रहे हैं। जिसका अभी तक भी कोई सुराग नही लग पाया है। उधर परिजनों ने बच्ची के नहीं मिलने पर कोतवाली पहुंचकर बुढ़ाना पुलिस को बच्ची की गुमशुदगी की एक तहरीर देते हुए बच्ची की सकुशल बरामदगी की मांग की। पुलिस ने बच्ची की तलाश शुरु कर दी है।

## कार्तिक सहरावत की कामयाबी से कस्बे में खुशी की लहर

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी निवासी कार्तिक सहरावत ने चाइना मे आयोजित वॉलिबॉल प्रतियोगिता मे देश का प्रतिनिधित्व किया है। कार्तिक सहरावत की कामयाबी पर कस्बे मे खुशी की लहर दौड़ गयी है। कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरूचौक निवासी संदीप सहरावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 से 13 दिसम्बर तक चीन देश के शहर शाग्लुओ में अंडर 15 विश्व वालीवाल चेम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय टीम ने ब्राजील टीम को हराकर काँस्य पदक जीत लिया है। उनके पुत्र कार्तिक सहरावत ने शेटर के रूप में शानदार खेल का प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं भारत की टीम ने चीन और ताइपे देश की टीमों को हराया। सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में ईरान से भारत हार गया। ब्राउनज़ मेडल के लिए खेले गए मैच में भारत ने ब्राजील को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व थाईलैंड देश में एशियाई चैंपियनशिप में भारत टीम ने ब्राउनज़ मेडल जीता था। कार्तिक सहरावत की सफलता पर बाबा अमरपाल,दादी सावित्री और माता मिथलेश गदगद हैं।साथ ही कस्बे की चौयरमैन सरला देवी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने कार्तिक सहरावत को शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को कस्बे मे आगमन पर कार्तिक सहरावत का स्वागत किया जायेगा

# सुलेख प्रतियोगिता में गोल्डन बेल्स एकेडमी चमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को गोल्डन बेल्स एकेडमी ढिंढावली में सहृदय स्कूल कॉम्प्लेक्स मुज़फ्फर नगर के तत्वावधान में ज़िला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ज़िले के लगभग 25 सी.बी.एस.ई. स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

जिसमें प्राइमरी वर्ग हिन्दी के अवनी - गोल्डन बेल्स एकेडमी ढिंढावली ने सामूहिक रूप से प्रथम, अवनि - इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल, मोरना व मनस्वी - सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, आरोही - साक्षी स्मृति पब्लिक स्कूल के तुल्य तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राइमरी वर्ग अंग्रेज़ी केरू अन्नया - आर. जी. पब्लिक स्कूल ने प्रथम, जैनब - गोल्डन हार्ट एकेडमी, अहोईली ने द्वितीय अरुंधमा - राम डी. पब्लिक स्कूल व देवांश - ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा जूनियर वर्ग हिन्दी मेंरू हेमन्त मालिक - ग्लोबल पब्लिक स्कूल व प्रांशी - गोल्डन बेल्स एकेडमी दिंदनावली ने प्रथम, समृद्धि नागर - शिखर शिक्षा सदन ने द्वितीय, समृद्धि सैनी - श्रेप्डल एकेडमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग अंग्रेज़ी मेंरू अक्षरा - डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल व सुरभी - गोल्डन बेल्स एकेडमी दिंदनावली ने प्रथम, नंदिनी - पायनियर पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, वैभव - बदा-ता पब्लिक स्कूल व अम्बिका - मून लाईट पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ सांत्वना पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुज गौतम जी, अरविन्द, विराज तोमर जी उपस्थित रहे।नीरज बालियान जी, हरेंद्र मालिक, अनिल आर्य, के. के. आनंद, संजय सिंह जी, अशुतोष शर्मा, अनंगपाल राठी जी, संदीप मालिक जी, विनिल शर्मा, आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।विद्यालय के प्रबन्धक विशेष रघुवंशी व प्रधानाचार्य कमल कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उज्जवल कांड में सोमवार को सुनवाई तय

**बुढ़ाना।** जहां एक और छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण में बुढ़ाना पुलिस के द्वारा विगत दिवस जेल भेजे गये डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्राचार्य प्रदीप कुमार और पीटीआई संजीव कुमार की जमानत याचिका पर बीती शुक्रवार को किसी कारणवश सुनवाई नहीं हो सकी वहीं मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग अभी तक भी फरार ही है। लोगों का खुले तौर पर कहना है कि अरविंद गर्ग ही पहला एक ऐसा आरोपी है जिसकी तलाश बुढ़ाना पुलिस ने आज तक की ही नही जबकि पुलिस मात्र शांति भंग करने वाले व्यक्ति के यहां पर कई बार दबिश डाल देती है। उधर प्राचार्य की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 दिसंबर की तारीख नीयत की गयी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजीव शर्मा के अनुसार प्राचार्य की जमानत याचिका पर सुनवाई नही हुई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को सोमवार के दिन की जाएगी। उल्लेखनीय है कि डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा ने बीती 6 नवम्बर को एक वीडियो जारी कर डीएवी कालेज कालेज के प्राचार्य पर अपने उत्पीड़न का आरोप लगाया था। बीती 7 नवम्बर को उज्जवल राणा को प्राचार्य प्रदीप कुमार ने कालेज परिसर में ही अन्य छात्र छात्राओं के समक्ष प्रताड़ित किया था। बीती 8 नवम्बर को उज्जवल ने प्राचार्य की प्रताड़ना से तंग आकर अपने शरीर पर पैट्रोल झिडककर आग लगा ली थी। बीती 9 नवम्बर को छात्र उज्जवल राणा ने नई दिल्ली के एक हस्पताल में दम तोड दिया था।

# श्रीराम कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के कृषि विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के द्वारा राष्ट्रीर्य दूग्ध दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका सूचालन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन एसआरजीसी, डॉ. प्रमोद सिरोही, उप निदेशक एग्रीकल्चर मुज़फ्फरनगर, डॉ. जीतेन्द्र गुप्ता, चीफ वेटेनरी ऑफिसर मुज़फ्फरनगर, डॉ. स्वेता आर्या, सीनियर साइंटिस्ट, ख्रषि विज्ञानं केंद्र बघरा, प्रो. सूचि मित्तल, महाविधालय के निदेशक डॉ. अशोक कुमार , प्रिंसिपल डॉ. प्रेरणा मित्तल, डीन अकादमिक डॉ. विनीत शर्मा, डॉ. स्वेता राठी, विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग एवं डॉ. मौ नईम विभागाध्यक्ष, ख्रषि विभाग के द्वारा किया गया।

इस सेमिनार में विद्यार्थियों के द्वारा 105 प्रकार के दूध से बने उत्पाद (तरल, हीट डेसिकेटेड, फोजेन, कंडेन्स, फर्मेन्टेड, वसा युक्त, फ़टे हुए दूध, ड्राइड एवं बाय प्रोडक्ट जैसे दूध उत्पाद) तथा दूध एवं दूध उत्पाद विषय पर 55 पोस्टर, 23 पेपर प्रजेंट कि जिनमे सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पात्र एवं विजेता विधर्थियो को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज ने समस्त उत्पाद का ब्यौरा लिया एवं विधार्थियो को बताया की स्टूडेंट्स डेयरी साइंस के अलग-अलग पहलुओं को शामिल करने वाले प्रैक्टिकल और थ्योरेटिकल लर्निंग प्रोसेस में शामिल होकर मिल्क प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी के ज़रिए स्किल डेवलप करते हैं। यह फील्ड स्टूडेंट्स को डेयरी प्रोसेसिंग, प्रोडक्ट फॉर्मूलेशन, क्वालिटी कंट्रोल और इनोवेशन जैसे एरिया में काबिलियत हासिल करने में मदद करता है। मिल्क प्रोडक्ट टेक्नोलॉजी के ज़रिए स्किल डेवलपमेंट इस तरह आसान होता है जैसे प्रैक्टिकल लैबोरेटरी स्किल्स से स्टूडेंट्स डेयरी इक्विपमेंट चलाना, मिल्क टेस्टिंग करना और क्वालिटी असेसमेंट करना सीखते हैं, जिससे उनकी टेक्निकल काबि. लियत बढ़ती है। डॉ. जीतेन्द्र गुप्ता ने बताया की हमारा देश का मिल्क उत्पादन बिश्व में प्रथम है तथा प्रोडक्ट डेवलपमेंट जैसे चीज़, योगर्ट, बटर और फर्मेंटेड डेयरी आइटम जैसे नए मिल्क प्रोडक्ट बनाने का अनुभव हासिल करते हैं, जिससे क्रिएटिविटी और प्रॉब्लम-सॉल्विंग की क्षमता बढ़ती है।क्वालिटी एश्योरेंस और सेफ्टी से हाइजीन स्टैंडर्ड, कंटैमिनेशन कंट्रोल और फूड सेफ्टी प्रोटोकॉल में ट्रेनिंग से क्वालिटी और सेफ्टी उपायों पर उनका ध्यान बढ़ता है।

प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन से स्टूडेंट्स मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को एनालाइज और बेहतर करते हैं, जिससे क्रिटिकल थिंकिंग और एनालिटिकल स्किल्स डेवलप होती हैं। रिसर्च और इनोवेशन से रिसर्च प्रोजेक्ट्स में शामिल होने से सस्टेनेबल और कंज्यूमर-पसंदीदा डेयरी प्रोडक्ट डेवलप करने में इना. ेवेशन और अडैप्टेबिलिटी को बढ़ावा मिलता है।डॉ. स्वेता आर्या ने बताया की आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महतवपूर्ण ओर खुसी का दिन है क्योकि आज के दी डॉ वर्घीस कुरियन का जन्म हुआ था। जो हमारे देश मेंश्वेत क्रांति लाये तथा दुनिया में आज हम दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। तथा डॉ. वघह्नस कुरियन डेरी सेक्टर को बढ़ाने के लिए काफी सफल प्रयास किये जिससे किशान की में तरक्क़ी तथा देश में डेरी सेक्टर ने एक बड़ा रूप धारण किया। डॉ. सूचि मित्तल ने बताया की दूध हमारे जीवन के लिए एक सम्पूर्ण आहार के रूप में होता है। जो हमारे शरीर को अनेक रोगो से मुक्त करता है तथा एक शक्ति प्रदान करता है। एक बच्चे के जन्म से लेकर बूढ़े होने तक एक दूध ही ऐसा उत्पाद जो आसानी पचने वाला तथा शक्तिवर्धक है।डॉ. अशोक कुमार ने बताया की दूध में पाए जाने वाले विटामिन्स ओर सूक्षम तत्व शरीर को मजबूती तथा रोगो से बचने का काम करते। तथा प्रकृति दूध को एक माँ के अयन से उसके बच्चे के प्रदान करती है। जिससे की बच्चा शारीरिक रूप से मजबूत, बीमारियों से रोकथाम तथा ऊर्जा ग्रहण कर सके।डॉ. नईम ने बताया की डॉ. वर्घीस कुरियन का जन्म छ्ब्बि नवंबर में कालीकट, केरला में हुआ था। अत: इन्होने मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद खैरा कॉपरेटिव मिल्क यूनियन लिमिटेड में अफसर के रूप में ज्वाइन किया। इसके बाद इसका नाम आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड रख दिया। डॉ. वर्घीस कुरियन अमूल एक संश्थापक तथा श्वेत क्रांति के जनक भी है। तथा अनेक अवार्ड से सम्मानित है। आज हमारे देश में 239 मिलियन टन दुग्ध उत्पादन तथा प्रति मनुष्य 471 मिली लीटर प्रति दिन चल रहा है ये देन डॉ. वर्घीस कुरियन की है। दूध एक वशा, प्रोटीन, लेक्टोज़, मिनरल्स एवं विटामिन्स से भरपूर पद्धार्त हम तरल या उत्पाद (मख्खन, घी, मावा, कुल्फी, पनीर, आइस क्रीम आदि) के रूप में लेते है। डॉ. स्वेता राठी ने बताया की बिज़नेस और मार्केटिंग स्किल्स से मार्केट ट्रेंड्स और प्रोडक्ट पोजिशनिंग को समझना स्टूडेंट्स को डेयरी इंडस्ट्री में एंटरप्रेन्योरशिप और करियर के मौकों के लिए तैयार करता है। एनवायरनमेंट और सस्टेनेबिलिटी अवेयरनेसरू इको-फेंडली प्रोसेसिंग तरीकों के बारे में जानने से डेयरी टेक्नोलॉजी में सस्टेनेबल तरीकों की उनकी समझ बढ़ती है।इस प्रोग्राम के सह संचालक ख्रषि विभाग एवं गृह विज्ञानं विभाग के समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज में आयोजित सेमिनार में शामिल शिक्षक व छात्र।

## स्वामी यशवीर महाराज ने 6 लोगों को हिन्दू धर्म आचमन कराया

**मुजफ्फरनगर।** बघरा योग साधना आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज ने हापुड जनपद के एक मुस्लिम परिवार के 6 सदस्यों को हिन्दू धर्म में वापसी कराते हुए उनकी शुद्धि के लिए यज्ञ भी कराया। घर वापसी के बाद परिवार के सदस्यों को हिन्दू रीति रिवाजों से जोडा गया। सभी में गले में भगवा पटका और जनऊ धारण कराया गया। फुरकान अब विशाल, नगीना प्रीति, अफसा कुमारी नेहा, अलफिजा पूजा, अमन प्रकाश और मन्तशा मनसा बन गई। परिवार के नये नामों के साथ इन लोगों ने धर्म की परम्पराओं को पूरा कर पूरी तरह अपनाने की घोषणा की। बघरा के योग साधना आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने शामिल होगा स्वामी यशवीर महाराज के प्रयासों की सराहना की।

# धर्म परिवर्तन कराने वाले स्वामी यशवीर पर कार्यवाही क्यों नहीं : साजिद हसन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सपा नेता साजिद हसन ने कहा कि यूपी धर्म परिवर्तन कानून के अंतर्गत यदि बिना जिलाधिकारी की जांच निश्चित समय व अनुमति बिना हिंदू धर्म से मुस्लिम या ईसाई धर्म परिवर्तन नहीं किया जा सकता व ऐसा करने पर मुस्लिम ब ईसाई को मुकदमे दर्ज करके जेल भेजा जा रहा है तो बघरा निवासी यशवीर के आश्रम में मुस्लिमों के धर्म परिवर्तन व आए दिन मुस्लिम लड़कियों के धर्म परिवर्तन किए जाने पर धर्म परिवर्तन कानून के अंतर्गत मुकदमे दर्ज करके कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है? सपा नेता साजिद हसन ने कहा कि धर्म परिवर्तन कानून का इस्तेमाल सिर्फ मुस्लिम व ईसाइयों के विरुद्ध ही एकतरफा क्यों किया जा रहा है। उन्होंने लगातार बघरा के आश्रम में यशवीर द्वारा मुस्लिमों के धर्म परिवर्तन की आ रही मीडिया खबरों व मुस्लिम लड़कियों के धर्म परिवर्तन पर जिलाधिकारी व एसएसपी से जांच व मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि धर्म परिवर्तन कानून के नियम सभी पर पर लागू है तो बिना नियम पूरे किए यदि धर्म परिवर्तन किया जा रहा है तो सभी पर एकसमान कार्यवाही की जानी जरूरी है।

## बने बनाए धोबी घाट ने खोया अपना अस्तित्व

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना के वार्ड नंबर 14 की सीमा में हिंडन नदी के किनारे पर बनाया गया धोबी घाट अब अपना अस्तित्व खोता नजर आ रहा है। बताया जाता है कि बुढ़ाना नगर पंचायत के तत्कालीन अध्यक्ष शहाब. ुद्दीन मुन्नन ने कस्बे के मुस्लिम धोबी समाज के आग्रह पर हिंडन नदी के किनारे वार्ड नंबर 14 में लाखों रुपये की कीमत से धोबी घाट बनवा दिया था लेकिन इत्तेफाक से कोई भी धोबी यहां पर कपड़े धोने के लिए नहीं गया। वजह भी कुछ ज्यादा बड़ी नहीं थी। उस दौरान धोबी समाज के कुछ जिम्मेदार लोगों का साफ कहना था कि वह चाह रहे थे कि धोबी घाट उनकी बस्ती के पास हिंडन नदी के पुल के पास वार्ड नंबर 16 में ही बने लेकिन इसका निर्माण उनसे बगैर मशवरा लिए हिंडन नदी के पुल की दूसरी साइड में वार्ड नंबर 14 में अत्यधिक दूरी पर बना दिया गया। जिसके चलते उनके बच्चों और महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता। कुल मिलाकर एक भी दिन धोबी घाट पर धोबी समाज का कोई भी व्यक्ति अपनी फैमिली को साथ लेकर कपड़े धोने नही गया। जिसके लिए आज धोबी घाट ने अपना अस्तित्व खो दिया है। आज यह धोबी घाट सिर्फ नाम का ही रह गया है। इसके आसपास की गंदगी ने इस धोबी घाट का वजूद ही खत्म कर डाला।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लडका वंश कर्णवाल पुत्र संजीव कर्णवाल निवासी म.न- 111 रैदासपुरी, थाना सिविल लाईन जिला मुजफ्फरनगर व उसकी पत्नी सृष्टि कर्णवाल मेरे कहने सुनने में नहीं है। हर समय घर में क्लेश रखते थे इसलिए मैंने इन दोनों की शादी के 4 माह बाद ही वंश कर्णवाल व सृष्टि कर्णवाल को अपने परिवार से अलग कर दिया था किन्तु ये लोग मेरे व मेरे परिवार से हर समय लडाई झगडा करते हैं इसलिए मजबूर होकर मैने अपने लडके वंश कर्णवाल को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इन दोनों के किसी भी क्रिया कलाप या लेनदेन या किसी भी कार्य की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। मेरा व मेरे परिवार का वंश कर्णवाल व सृष्टि कर्णवाल से किसी भी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं है।

**संजीव कर्णवाल**
**पुत्र स्व.श्यामलाल**
**निवासी -198 इंद्रा कालोनी**
**थाना सिविल लाईन**
**मुजफ्फरनगर**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शहजाद मलिक है मेरी हाईस्कूल सन् 2006 अनुक्रमांक 0610450 व इण्टरमीडिएट 2008 अनुक्रमांक 0317866 के अंकपत्रों व सनदों में मेरा नाम बल्लू दीन (BALLU DEEN) त्रुटिवश आ गया है, जिसको मैंने सही कराने के लिए बहुत प्रयास किये परन्तु मुझे विगत वर्षो पहले इसकी सही कराने की जानकारी नहीं थी। अब मैं सार्वजनिक सूचना के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा नाम जन्म से ही शहजाद मलिक (SHAHZAD MALIK) है जो भविष्य में भी यही नाम रहेगा।

**शहजाद मलिक पुत्र श्री कालू**
**निवासी- ग्राम दूधाहेडी**
**डाकखाना मन्सूरपुर तहसील**
**सदर जिला-मुजफ्फरनगर।**

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवती से छेड़छाड़ की शिकायत पर दुकान में घुसकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के एक मौहल्ला में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि घटना की शिकायत करने पर आरोपियों ने पीड़ित की दुकान में घुसकर मारपीट की और तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

नगर के एक मौहल्ला निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 13 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी पुत्री गली से गुजर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले यश ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब पीड़ित पक्ष ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया और शिकायत की बात कही, तो कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष आक्रोशित होकर दुकान पर पहुंच गया।

आरोप है कि यश अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर दुकान के अंदर घुस आया। गाली-गलौच करते हुए पीड़ित और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा दुकान में तोड़फोड़ की गई।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिनके सामने आरोपी शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पक्ष के राजनीतिक लोगों व बदमाशों से संबंध हैं, जिससे उसे और उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही सूत्रों के अनुसार घटना के सम्बंध में देर शाम दोनों पक्षों का समझौता हो गया है।

# डेयरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि डेयरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट के कारण किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होने प्रदेश सरकार से गन्ना मूल्य 500 रूपये प्रति कुंटल घोषित करने की मांग की।

शनिवार को शहर के एमएसके रोड स्थित किसान मजदूर संगठन के कार्यालय पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि

इस वर्ष गन्ने की पैदावार में कमी आई है, जबकि वर्तमान में घोषित गन्ना मूल्य किसानों के लिए पूरी तरह अपर्याप्त है। किसान मजदूर संगठन की मांग है कि गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 500 प्रति क्विंटल किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हर वर्ष गन्ने के भाव में नियमित रूप से वृद्धि हो, ताकि किसानों को उनकी लागत और मेहनत का उचित मूल्य




मिल सके।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की समस्या का जिक्र करते हुए संगठन ने गांवों के लिंक रोड के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है, जिससे किसानों, मजदूरों और आम जनता को राहत मिल सके। बिजली कनेक्शन पर दी जा रही छूट को लेकर उन्होने कहा कि सरकार द्वारा 2 से 3 किलोवाट के बिजली कनेक्शन पर दी जा रही छूट सराहनीय कदम है, लेकिन इसका लाभ केवल सीमित श्रेणी तक न रखा जाए। सभी किलोवाट श्रेणी के किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाए, ताकि हर वर्ग को समान राहत मिल सके। उन्होने डेयरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट को गंभीर समस्या बताते कहा कि इससे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है और आम जनता के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। मिलावट के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

मांग की है कि डेयरी उत्पादों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और शुद्ध उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होने आशा जताई है कि सरकार और संबंधित विभाग इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र उचित निर्णय लेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ठाकुर लखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपांशु वशिष्ठ, नगर उपाध्यक्ष अमित कौशिक, युवा जिलाध्यक्ष शहजाद पुंडीर, आकाश शर्मा, हर्ष तोमर, अमृत सिंह व मिंटू मौजूद रहे।

# गांव बिडौली सादात में मधुमक्खियों का कहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव बिडौली सादात में शुक्रवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब गांव के अंदर अचानक मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने हमला कर दिया। इस अप्रत्याशित घटना में बच्चों, बुजुर्गों सहित कई ग्रामीणों और पालतू पशुओं को मधुमक्खियों के डंक का शिकार होना पड़ा। मधुमक्खियों के अचानक हमले से गांव में दहशत का माहौल बन गया और लोग इधर-उधर भागने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे गांव निवासी साजिद के घर के आसपास खेतों की ओर से मधुमक्खियों का एक झुंड आ धमका। देखते ही देखते झुंड ने आसपास मौजूद लोगों और पालतू पशुओं पर हमला शुरू कर दिया। इस दौरान ग्रामीण हैदर अली, मोहम्मद जाकिर, मासूम अली, मेहरबान, रिजवान, सलमान सहित कई लोगों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में मधुमक्खियों ने काट लिया। वहीं मधुमक्खियों के हमले से पालतू पशु भी बुरी तरह घबरा गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ने लगे।

मधुमक्खियों का हमला इतना अचानक और तीव्र था कि कुछ समय के लिए पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं और बच्चे भय के कारण घरों में दुबक गए, जबकि खुले में मौजूद लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुछ साहसी ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय दिया और मधुमक्खियों के झुंड के आसपास आग जलाकर धुआं करना शुरू किया।

धुएं के प्रभाव से मधुमक्खियों का झुंड धीरे-धीरे गांव से बाहर की ओर चला गया, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि गांव में दोबारा ऐसी दहशत का माहौल न बने।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा संपन्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को जिले में बनाए गए पांच परीक्षा केन्द्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्रो के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध रखा गया वही जिलेभर में पंजीकृत 1589 परीक्षार्थियों में से 1335 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 254 ने परीक्षा छोडी है।

शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए जिले में बनाए गए पांच परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सवेरे 11:30 बजे प्रारंभ हुई। इससे पूर्व 11 बजे से छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। पूरी जांच पडताल के बाद ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रत्एक परीक्षा केन्द्र पर एक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया था। वही केन्द्रों पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। सीसीटीवी कैमरों की गिनरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान दो सचल दल लगातार भ्रमणशील रहे। सभी पांच परीक्षा केन्द्रों आरके इंटर कालेज शामली, आरएसएस इंटर कालेज झिंझाना, सेंट आरसी कालेज कैराना, चंदनलाल इंटर कालेज कांधला, लाला लालजपतराय इंटर कालेज थानाभवन में पंजीकृत 1589 परीक्षार्थियों में से 1335 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 254 ने परीक्षा छोडी है।

# डा. हिमानी अग्रवाल की अध्यक्षता में जनसुनवाई 17 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 17 दिसम्बर 2025 बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार, बनत में दोपहर 12 बजे से महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण, महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाना है। इस जनसुनवाई में कोई भी पीड़ित महिला उपस्थित होकर अपना प्रार्थना पत्र दे सकती है, जिस पर मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। महिला जनसुनवाई के बाद उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर बनत का निरीक्षण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हतु जिला प्रशासन की ओर से हामिद हुसैन डिप्टी कलेक्टर जनपद शामली (9917017399) को नामित किया गया है।



# कोर्ट ने तोड़फोड़ के मामले में दो अभियुक्तों पर लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी एवं सशक्त पैरवी के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। थाना बाबरी क्षेत्र के एक पुराने मामले में माननीय न्यायालय कैराना ने दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2019 में थाना बाबरी पर मु0अ0सं0 74ध्2019 धारा 427 भादवि के अंतर्गत ग्राम बन्तीखेड़ा निवासी सद्दाम पुत्र रशीद एवं कय्यूम पुत्र रशीद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। शनिवार को माननीय न्यायालय कैराना ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए प्रत्एक पर 500-500 रूपए का अर्थदंड लगाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# मुर्गी फार्म की फर्जी पार्टनरशिप डीड बनाकर संपत्ति हड़पने का आरोप


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा निवासी एक व्यापारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में फरियाद लगाकर अपने पूर्व साझेदारों पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के सहारे मुर्गी फार्म और पैतृक संपत्ति हड़पने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से आरोपी बेखौफ हैं और लगातार दबाव बना रहे हैं।

पीड़ित अकबर अब्बास जैदी के अनुसार उन्होंने बैंक से ऋण लेकर अपनी पैतृक भूमि पर मुर्गी फार्म स्थापित किया था। इस फार्म में हिफ्जुर्रहमान, चांद उस्मानी और मोहम्मद आसिफ द्धनिवासी मोहल्ला खैलकलांऋ बराबर के साझेदार थे। कारोबार चलने के बाद साझेदारों की नीयत बदल गई और साजिश के तहत फर्जी साझेदारी डीड तैयार कर उन्हें फार्म से बाहर करने का प्रयास किया गया। पीड़ित का कहना है कि पुलिस जांच में फर्जीवाड़ा सही पाए जाने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ और न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है।

इसके बावजूद आरोपी दबंगों के साथ मिलकर फार्म पर कब्जा करने के प्रयास कर रहे हैं। जब भी वह फार्म पर पहुंचता है, तो 10.12 दबंगों के साथ आकर खुलेआम धमकाया जाता है और झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी दी जाती है।पीड़ित ने बताया कि बीते 5 नवंबर को उसके साथ मारपीट व लूट की घटना हुई, जिसकी तहरीर देने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं की गई।

आला अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद करीब छह दिन बाद मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन महज सात दिन में ही पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। आरोप है कि गंभीर धाराओं को हटाकर सामान्य धाराओं में चार्जशीट दाखिल की गई। साथ ही सात नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों में से केवल तीन के खिलाफ ही चार्जशीट लगाई गई, जबकि शेष को राहत दे दी गई।पीड़ित का कहना है कि उसने पूरे मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया है, लेकिन अभी भी उसे और उसके परिवार को जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर मठ में आयोजित जनता दरबार में की गई फरियाद में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, फार्म पर दबंगों की आवाजाही पर तत्काल रोक और स्वयं व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि हिफजुर्रहमान उर्फ चांद उस्मानी, मौ0 आसिफ अपने अन्य दबंग साथियों के साथ मेरे साथ कोई भी अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं तथा मेरी हत्या भी की जा सकती हैं। उसके जिमेदार यह सभी लोग होगी।



# फर्जी आंगनवाड़ी नियुक्ति की जांच अधर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

ऊन। बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी के पद पर फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति कर दी गई लेकिन मानदेय दूसरी सहायिका के पद पर तैनात कर्मचारी के खाते में भेज दी गई बाद में उसे नोटिस भेज कर मानदेय वापस मांगा गया तथा उसके खाते में सहायिका का मानदेय भी बंद कर दिया गया विभाग में हुए फर्जीवाडे की शिकायत सहायिका ने संपूर्ण समाधान दिवस एवं जिलाधिकारी से की थी अब विभाग द्वारा शिकायत की जांच नहीं की गई उल्टे शिकायत करने वाली सहायिका को अनुपस्थित रहने तथा शासकीय कार्यों में रुचि न लेने के आरोप में नोटिस भेजा गया है तथा प्रकरण की जांच अभी तक नहीं हुई है




> इस संबंध में कार्यालय में तैनात बाबू प्रदीप कुमार ने बताया कि नियुक्ति में कोई फर्जीवाड़ा नहीं किया गया पोर्टल में की गलती के कारण मानदेय नहीं मिला है तथा सीडीपीओ बाबर खान ने मामले की जानकारी न होना बताया था अब इस प्रकरण में विभाग द्वारा सहायिका अनीता पत्नी मांगेराम को दो नोटिस जारी किए हैं जिनमे एक नोटिस तीन सितंबर 2025 तथा दूसरा 8 दिसंबर 2025 की तारीख डाली गई है।

बाल विकास विभाग में नियुक्ति में फर्जीवाडे का मामला सामने आया है ब्लॉक के गांव दथेडा में एक ही नाम से दो सहायिका तैनात है जिनमे अनीता पत्नी मांगेराम वर्ष 2006 से सहायिका के पद पर तैनात है अनीता पत्नी मांगेराम का आरोप है कि योग्यता के आधार पर उनकी पदोन्नति होकर आंगनवाड़ी के पद पर तैनात किया जाना था लेकिन उनकी जगह अनीता पत्नी प्रमोद को पदोन्नति देकर फर्जी अभिलेखों के आधार पर आंगनबाड़ी के पद पर नियुक्ति दे दी गई इसके बाद मानदेय अनीता पत्नी मांगेराम के खाते में भेज दिया गया 3 महीने का मानदेय उसके खाते में आया जब उसने इसकी शिकायत की तब विभाग में तैनात कर्मचारियों द्वारा उसे नोटिस भेजा गया जिसमें मानदेय वापस करने के निर्देश दिए गए तब अनीता पत्नी मांगेराम ने मानदेय वापस कर दिया लेकिन उसका सहायिका का मानदेय बंद कर दिया गया जनवरी माह से उसे मानदेय नहीं मिल रहा है पीड़िता का आरोप है कि उसे शिकायत करने पर सीडीपीओ बाबर खान व कार्यालय में तैनात बाबू प्रदीप कुमार द्वारा सहायिका पद से हटाने की भी धमकी दी जा रही है उन्होंने फर्जी अभिलेखों के आधार पर तैनाती करने तथा मानदेय रोकने की जांच करा कर कार्रवाई की मांग जिला अधिकारी से की थी इसके बाद पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत की है लेकिन अभी तक मानदेय भी नहीं मिला है न ही प्रकरण की जांच की जा रही है। इस संबंध में कार्यालय में तैनात बाबू प्रदीप कुमार ने बताया कि नियुक्ति में कोई फर्जीवाड़ा नहीं किया गया पोर्टल में की गलती के कारण मानदेय नहीं मिला है तथा सीडीपीओ बाबर खान ने मामले की जानकारी न होना बताया था अब इस प्रकरण में विभाग द्वारा सहायिका अनीता पत्नी मांगेराम को दो नोटिस जारी किए हैं जिनमे एक नोटिस तीन सितंबर 2025 तथा दूसरा 8 दिसंबर 2025 की तारीख डाली गई है जिसमें सहायिका पर आरोप है कि वह केंद्र पर बच्चों को बुलाकर नहीं लाती है सही बर्ताव नहीं रखती बिना कार्यालय को सूचित किए अनुपस्थित रहती है तथा आए दिन आंगनबाड़ी से झगड़ा करती रहती है शासकीय कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है 2 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है अन्यथा आपको अनुपस्थित मानते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी नोटिस सुपरवाइजर उर्मिला द्वारा जारी किए गए हैं, लेकिन सुपरवाइजर उर्मिला द्वारा अपने स्तर से कोई भी नोटिस जारी न होने की बात कही है सुप. रवाइजर उर्मिला द्वारा बताया गया कि उसका दूसरा क्षेत्र है उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है न ही मेरे द्वारा कोई नोटिस भेजा गया है अब सवाल यह है कि उनके हस्ताक्षर से नोटिस किसने जारी किए। इस संबंध में सीडीपीओ बाबर खान से जानकारी करनी चाहिए।फोन की घंटी बजती रही रिसीव नहीं हुआ। डीपीओ यामिनी रंजन से जानकारी करनी चाही उनके भी फोन की घंटी बजती रही रिसीव नहीं किया गया।

# युवा उत्सव के तहत होगी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शामली सचिन पंवार ने अवगत कराया कि दिनांक- 15.12.2025 को युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग, शामली के तत्वाधान में युवा उत्सव वित्तीय वर्ष 2025-26 का आयोजन मेपल्स एकेडमी, शामली में प्रातः 9 बजे आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

युवा उत्सव के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय, भारत सरकार और उ.प्र. सरकार द्वारा निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन निम्न विधाओं में किया जाना है। प्रतिभागिता की पात्रता शर्ते निम्नवत है-1. प्रतियोगिता में प्रतिभागी की आयु सीमा 1 सितम्बर, 2025 को 15-29 वर्ष की आयु के मध्य होना अनिवार्य है। 2. प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने के लिए प्रतिभागी को अपने साथ आयु से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र हाई स्कूल अंक पत्र आदि, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

# डी-सैन्ट स्कूल में आयोजित हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शनिवार को ऊन मार्ग स्थित डी-सैन्ट स्कूल में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं झिंझाना नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप खिलाड़ियों का आपसी तालमेल, सहयोग, उत्साह और खेल भावना देखकर अत्यधिक भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यहां उत्साह, जोश, उमंग और संस्कार की गंगा बह रही है।




इस अवसर पर उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा किए और जीवन में खेल, शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक और आदर्श, संस्कारी छात्र बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। प्रतियोगिता का आरंभ कक्षा नर्सरी की लॉन्ग जम्प से हुआ। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। लॉन्ग जम्प में कक्षा नर्सरी से अक्षित प्रथम, वंश द्वितीय,आदिम तृतीय, रहे। लॉन्ग जम्प में कक्षा एल.के.जी से विधान प्रथम, उमेश द्वितीय,कार्तिक तृतीय रहे। लॉन्ग जम्प में कक्षा यू.के.जी.से कार्तिक प्रथम, अक्षित द्वितीय,अवनि तृतीय रही। लॉन्ग जम्प में कक्षा फस्ट के यूवी प्रथम, अनस द्वितीय, युग तृतीय रहा। दौड़ में कक्षा सेकिंड के समीर प्रथम, राघव द्वितीय,आदित्य तृतीय रहा दौड़ में कक्षा थर्ड के ईशु प्रथम, लक्की द्वितीय, आईना तृतीय रही। वन लेग रेस में कक्षा फोर्थ के दिलप्रीत प्रथम, कृष्णा द्वितीय,अवनि तृतीय रही। वन लेग रेस में कक्षा 5जी के प्रिंस प्रथम, परिधि द्वितीय, अरुण तृतीय रहा। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 6जी के हर्ष प्रथम, अल्तमस द्वितीय, अक्षय तृतीय रहे। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 7जी के वंशु प्रथम, अर्चन द्वितीय,अनिकेत तृतीय रहे। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 8 जी के वैभव प्रथम, शिवानी द्वितीय,आयुष्मान तृतीय, रहे। स्लो साइकिलिंग में कक्षा (9 जी) के आशु प्रथम, प्रधान द्वितीय, आकांक्षा तृतीय, रही। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 10जी के प्रियांशु प्रथम, शेखर द्वितीय, शीतल तृतीय, रही। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 11जी के विशाल प्रथम, शिवम द्वितीय, आर्यन तृतीय रहे। स्लो साइकिलिंग में कक्षा 12जी के पर्वजोत प्रथम,संदेश द्वितीय,रिया तृतीय, रही। बैक बॉल थ्रो में कक्षा 9जी के शान प्रथम, नाहिद द्वितीय, प्रिंस तृतीय रहा। बैक बॉल थ्रो में कक्ष 10 जी के अभिनव प्रथम, अश्विन द्वितीय, अनुष्का तृतीय,रही। बैक बॉल थ्रो में कक्षा 11जी के कैफ प्रथम, लक्ष्य द्वितीय, शगुन तृतीय,रहे। बैक बॉल थ्रो में कक्षा12जी की लक्षिका प्रथम, सला.ेनी द्वितीय रही। इंटर-हाउस प्रतियोगिताओं में, खो-खो के बालि. का वर्ग में नेहरू हाउस तथा बालक वर्ग में गांधी हाउस प्रथम रहा। कबड्डी के दोनों वर्गों में भी गांधी हाउस ने जीत दर्ज की और इस वर्ष का समग्र चैंपियन हाउस भी गांधी हाउस रहा। समापन समारोह में विद्यालय प्रबंधक आर। पी। सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरे स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** शासन के निर्देशों के तहत सर्दी से बचाव हेतु नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं शनिवार को उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने नगर पंचायत रैन बसेरे का निरीक्षण किया नगर पंचायत द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में पांच व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

जिसके लिए कंबल गद्दे चारपाई आदि की व्यवस्थाएं सही पाई गई रेन बसेरा स्थल पर साफ सफाई लाइट पानी व शौचालय की व्यवस्था भी दुरुस्त मिला झिंझाना में भी सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई है ।उप जिला.धिकारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि रेन बसीरों का निरीक्षण किया गया है जिसमें व्यवस्थाएं सही पाई गई है।

# रिकॉर्ड: लोक अदालत में 1.90 लाख वादों का निस्तारण

## 5.19 करोड़ से अधिक का समझौता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, शामली स्थित कैराना परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष इंदर प्रीत सिंह जोश ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारी, अधिवक्ता एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश द्वारा एक मामले का निस्तारण किया गया, जबकि प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा 35, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट द्वारा 260, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो द्वारा 5, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 2 मामलों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना द्वारा 962, सिविल जज सीडी एसीजेएम शामली द्वारा 1537, सिविल जज सीडी एसीजेएम कैराना द्वारा 717, न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली द्वारा 1235, सिविल जज जू.डि. एफटीसी शामली द्वारा 702, सिविल जज (जू.डि.) कैराना द्वारा 772 तथा अपर सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट संख्या-1 कैराना द्वारा 714 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद के समस्त न्यायालयों द्वारा कुल 6980 मामलों का निस्तारण किया गया, जिसमें 65.15 लाख रूपए से अधिक की धनराशि का समझौता हुआ। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 1,83,214 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं बैंक से संबंधित 531 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण करते हुए 4.54 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया। जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,90,725 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमें 5 करोड़ 19 लाख 67 हजार 976 रूपए से अधिक की धनराशि का समझौता किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली बिल छूट योजना कैंप से कर्मचारी रहे नदारद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों में छूट देने की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं पंजीकरण के लिए बिजली घरों पर कैंप लगाए जा रहे हैं। हालांकि शनिवार को कस्बे के बिजली घर पर लगाए गए कैंप में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं मिला, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक दिसंबर से यह योजना शुरू की गई है, जिसे तीन चरणों में लागू किया जाना है। विद्युत विभाग द्वारा जगह-जगह कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए योजना का लाभ दिलाने का दावा किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के बिजली घर पर भी कैंप लगाया गया था।शनिवार को उपभोक्ता पुष्पेंद्र, आबिद, गुफरान, अख्तर, इरफान, मुकेश, सिद्धार्थ, राजेश, आशु, नसीम, चांद और किरण सैनी योजना का लाभ लेने के लिए सुबह से ही बिजली घर पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद कैंप में कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त रहा।इस संबंध में एसडीओ आशीष वास्तव, ने बताया कि शनिवार को अवकाश होने के कारण कैंप में कर्मचारी उपस्थित नहीं हो सके थे, हालांकि उनका कार्यालय खुला हुआ था। उन्होंने आश्वासन दिया कि सोमवार को पुनः कैंप लगाया जाएगा और उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जाएगा।

## आबादी के बीच हाई टेंशन लाइन बिछाने के विरोध में ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा एलम के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को जिला अधिकारी अरविंद चौहान को शिकायती पत्र सौंपकर आबादी के बीच से हाई टेंशन लाइन खिंचवाए जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक बाहरी व्यक्ति द्वारा खरीदी गई कृषि भूमि पर पानी की सुविधा के लिए कमर्शियल विद्युत कनेक्शन लेने के उद्देश्य से हाई टेंशन लाइन को आबादी वाले क्षेत्र से गुजारने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के उत्तरी विकास नगर निवासी लोग इस प्रस्तावित लाइन से बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि यदि हाई टेंशन लाइन आबादी के बीच से गुजारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे बच्चों, बुजुर्गों सहित पूरे मोहल्ले की जान-माल को खतरा बना रहेगा।पीड़ित ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मांग की है कि हाई टेंशन लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाकर गांव के बाहर से ही खिंचवाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, सतीश, अमित, संजय, बीरसैन सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# आवासीय प्लॉट पर कब्जे की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में आवासीय प्लॉट पर जबरन कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि कुछ लोग उसके नाम आवंटित प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट की धमकी दी गई, जिससे वह भयभीत है। चौसाना निवासी खलील पुत्र आजम ने पुलिस चौकी चौसाना में दी गई तहरीर में बताया कि उसे खसरा संख्या 917 में आवासीय प्लॉट आवंटित है। आरोप है कि भड़ी निवासी कुछ ग्रामीण जबरन उक्त प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज की और मारपीट करने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया वह पहले भी इस संबंध में तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने दोबारा प्लॉट पर कब्जे की कोशिश की और इस बार जान से मारने की धमकी भी दी। इससे पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए । चौकी प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसबीआई ने गोष्ठी में ग्रामीणों को किया जागरूक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में एसबीआई बैंक कर्मचारियों के द्वारा गोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

कई ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। शनिवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर के समाजसेवी जुनेद अली के आवास पर एसबीआई बैंक के मैनेजर, विवेक बंसल फील्ड ऑफिसर राहुल कुमार, एनपीए मैनेजर श्वेता, संदीप कुमार, धीरज, अनुराधा जैन, ने कार्यक्रम आयोजित करते हुए गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में ग्रामीणों का संबोधित करते हुए मैनेजर ने बताया कि किसानों के लिए बैंक द्वारा कई योजनाएं निकाली जा रही हैं केसीसी लोन पर ब्याज की छूट दी गई है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि लोक अदालत के माध्यम से जो पुराने मामले हैं उनका निपटारा किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी बैंक के द्वारा दी जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कई ग्रामीणों ने बैंक से संबंधित अपनी समस्याएं रखी कर्मचारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण कराया। इस दौरान राजू कुमार, राशिद, इशरान, जीशान ठेकेदार, खुर्शीद प्रधान, मतलूब चौयरमेन, ब ⁄ ह्म द त । कुमार,ईनाम,गौरव,आदिल,कौशर, हासिम, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल हैक कर उड़ाए 30 हजार, चौसाना में साइबर ठगी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मोबाइल हैकिंग के जरिए बैंक खातों से रकम उड़ाने के मामले ग्रामीण इलाकों तक पहुंच गए हैं। ताजा घटना में ठगों ने मोबाइल को निशाना बनाकर खाते से हजारों रूपए निकाल लिए, जिससे पीड़ित परिवार सकते में है।

चौसाना क्षेत्र के जिजौला निवासी मोमीन का शनिवार दोपहर के समय मोबाइल हैक हो गया। अचानक फोन के फंक्शन अपने आप उल्टे-सीधे काम करने लगे। पहले उसे लगा कि मोबाइल में तकनीकी खराबी आ गई है, जिस कारण वह फोन को एक मिस्त्री के पास ले गया। जांच के दौरान मिस्त्री ने बताया कि मोबाइल पूरी तरह हैक हो चुका है। मोबाइल हैक होने की जानकारी मिलते ही पीड़ित घबरा गया और तत्काल चौसाना स्थित पंजाब नेशनल बैंक पहुंचकर अपने खाते की जांच कराई। खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि साइबर ठगों ने खाते से 30 हजार रूपए निकाल लिए हैं। पीड़ित का कहना है कि उसने किसी को ओटीपी साझा नहीं किया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया, इसके बावजूद यह घटना हो गई। घटना के बाद पीड़ित चौसाना चौकी पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले से अवगत कराया। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि खाते से निकाली गई रकम वापस दिलाई जाए और साइबर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने और साइबर सेल की मदद लेने की बात कही है।

## 20 लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**झिंझाना।** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना झिंझाना पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू की है। पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस ने एक अभियुक्त जोगेन्द्र पुत्र मलखान, थाना झिंझाना, जनपद शामली। को अवैध 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का एसपी को मिला ई-मेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक व्यक्ति ने ईमेल के माध्यम से एसपी को शिकायत कर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और दबंगई का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित प्रमोद कुमार ने पुलिस अधीक्षक शामली को ईमेले कर आरोप लगाया है कि उनके घर से सटी सरकारी भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 से 2 करोड़ रूपए बताई जा रही है, पर कुछ भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है।शिकायत के अनुसार अतुल, कपिल, राजेश, मौलाना हाशिम, अश्मित, माधव और स्पर्श नामक व्यक्तियों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है और कब्जा बढ़ाने के उद्देश्य से पीड़ित के घर की दीवार को जबरन तोड़ दिया। यह दीवार उनके निजी आवास की सुरक्षा का हिस्सा बताई जा रही है।

पीड़ित का कहना है कि जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने पूरे परिवार को जान से मारने की खुली धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों के चलते पीड़ित परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि किसी भी समय कोई गंभीर और अप्रिय घटना घट सकती है। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# कांग्रेसियों की बैठक में जनसभा के लिए बनाई रणनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डा. पाल सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के आवास पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक कल दिन रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक विशाल जनसभा दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर होनी है। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, आम जन की आवाज राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। रैली में राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य चुनाव आयुक्त की अगुवाई में चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों को नजरअंदाज करने तथा सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने के विरोध में आवाज बुलंद की जाएगी । शामली जनपद से कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य और सहारनपुर जनपद के कोऑर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा शामली से साथियों सहित रैली में शामिल होंगे। ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि रामलीला का मैदान सदैव बड़े राजनैतिक परिवर्तनों का साक्षी बना है और उन्होंने बताया है कि शामली जनपद से कांग्रेस कार्यकर्ता 25 व्यक्तिगत वाहनों से रैली में शामिल होंगी। ओम प्रकाश शर्मा ने जनपद शामली से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ को पहुंचने का आह्वान किया। ओमप्रकाश शर्मा, रविन्द्र आर्य, शेखरपाल, मास्टर नरेन्द्र सिंह, आदेश कुमार सिंह, सोहिल धीमान, सागर खंडेलवाल, देवी सिंह, चौधरी तस्वीर सिंह एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में सात शिकायतें आईं, मौके पर दो का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना समाधान दिवस में कुल सात शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान शासन की प्राथमिकता है।समाधान दिवस के दौरान एसएसआई अरुण कुमार, सभी चौकी प्रभारी तथा क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों को आश्वासन दिया कि लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कराया जाएगा, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# किसान के खेत में लगाई आग, हजारों की क्षति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव बदन नगर उनी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किसान के खेत पर आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में किसान को करीब 50 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार किसान अरुण कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी बदन नगर उनी ने थाना झिंझाना में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की सुबह जब वह अपने खेत पर पहुंचा तो देखा कि खेत में बने टड्‌बवेल के कमरे में आग लगी हुई थी। आग इतनी भीषण थी कि टड्‌बवेल में लगा स्टाटर ऑपरेटर केवल व अन्य विद्युत उपकरण पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। किसान का आरोप है कि यह आग किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर लगाई गई है। आग लगने से करीब 50 हजार रूपए का नुकसान हुआ है, जिससे किसान को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसान ने थाना अध्यक्ष से मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराए

# कैराना में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के एक कम्पोजिट उच्च माध्यमिक विद्यालय में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा के साथ खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभाव, युवाओं को नशे की लत से बचाने के उपाय, नशा तस्करी के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्रवाई, नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। थाना कैराना पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक करें। किसी भी नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया, साथ ही आश्वस्त किया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण और स्टाफ मौजूद रहे।

# संतोष गिरी महाराज की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के गुलजारी वाले मंदिर में ब्रहमलीन गुरूदेव थानापति संतोष गिरी महाराज की 18वी पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोज किया गया। सवेरे हवन यज्ञ और उसके बाद आयोजित भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। देर रात्रि मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया।

शनिवार को शहर के कैराना रोड स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर गुलजारी वाले में ब्रहमलीन गुरूदेव थानापति महंत संतोष गिरी महाराज की 18वीं पुण्यतिथि पर 18वे अखंड विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सवेरे मंदिर परिसर में महंत संतोष गिरी की प्रतिमा के सम्मुख हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से पहुंचे संतों ने भाग लिया। जूना आखाडा के अर्न्तराष्ट्रीय महामंत्री महंत शैलेन्द्र गिरी महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। हवन यज्ञ बिजेन्द्र शास्त्री ने कराया। बाद अखंड भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड सहित कई राज्यों के महंत भी पहुंचे थे, जिसमें मुख्य रूप से महंत हरिगिरी महाराज, महंत प्रेम गिरी महाराज, महंत मोहन भारती महाराज, महंत रमनगिरि महाराज, महंत नारायण गिरी महाराज, महंत अजय गिरी महाराज, शामिल रहे। देर रात्रि मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भंडारे में सेवा करने वालों में अरविन्द शर्मा, ललित, खुशीराम अरोरा, सोरभ, शिवम, रोहित, शुभम कुमार, महेश धीमान, सुभाष धीमान, भूपेन्द्र मलिक, कुलदीप, सतेन्द्र धीरयान एडवोकेट, सार्थक गर्ग, अनमोल, पियूष वर्मा, आदि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची से हटाए गए तथा सी केटेगरी में डाले गए मतदाताओं की सूची मांगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी ने विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ के तहत मतदाता सूची से हटाए गए तथा 'सी' केटेगरी में डाले गए मतदाताओं की बूथवार सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में सपा जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने जिला निर्वाचन अधिकारीध्डीएम को पत्र लिखकर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतध्डुप्लीकेट, डिलीट तथा 'सी' केटेगरी में फीड किए गए नामों की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। जिला उपाध्यक्ष जावेद जंग एवं कांधला नगर अध्यक्ष मुस्तफा जंग नगर ने जिलाध्यक्ष को संबोधित पत्र तथा चुनाव आयोग के आदेश की प्रति गौरव सांगवान को सौंपी। सपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर सुधीर पंवार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व बीएलओ को अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ साझा करनी होती है, ताकि अनुपस्थित एवं स्थानांतरित मतदाताओं को चिन्हित किया जा सके। लेकिन जानकारी मिली है कि कई स्थानों पर बीएलओ बिना सूची दिए ही समाजवादी पार्टी के बीएलए से रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध कर रहे हैं, जो कि चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि चुनाव आंकड़ों के अनुसार अभी तक 39,232 मतदाता अनुपस्थित दर्ज किए जा चुके हैं। अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या अधिक होने के चलते चुनाव आयोग ने फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर निर्धारित की है। यदि बीएलए को सूची उपलब्ध करा दी जाए, तो इस अवधि में अनुपस्थित मतदाताओं का पता लगाया जा सकता है।

# आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी थेरेपी: कुंवर बृजेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी थेरेपी है। बीयूएमएस करने वाले बच्चों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि वह ऐसी थेरेपी सीखकर देश व क्षेत्र की सेवा करने के लिए उन्हें अवसर मिला हैं। जिसका वह निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभायेंगें।

कुंवर बृजेश सिंह जामिया तिब्बिया कॉलेज प्रागण में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम कम व्हाइट कोट सेरेमनी में छात्र-छात्राओं को अपने हाथों से व्हाइट कोट पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आयुष के उत्थान के लिए वर्ष 2017 से अनेकों कार्यक्रम किये जा रहे है। ताकि आयुर्वेद पद्धथि को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कोरोना काल में जामिया तिब्बिया द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की।






भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि आपने जो आज व्हाहट कोट पहना है यह एक जिम्मेदारी है लोगों की सेवा करने की जो अब आपके कंधों पर आ गई है। मुझे आशा है कि इसके माध्यम से आप केवल अपना ही भविष्य नहीं बनाएंगे बल्कि देश का भी नाम रोशन करेंगे।

संस्था के डायरेक्टर डा. अनवर सईद और सचिव डा. अख्तर सईद ने अतिथियों को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के बैच 2021-22 व 2022-23 में उच्च स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किये जाने के साथ ही संस्था द्वारा चलाये गये यूट्यूब चौनल रहनामु-ए-तिब्ब में यूनानी के प्रचार व प्रसार के लिए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्र मिस्बा राव, रूफेदा नवल व इल्मा को पुरस्कार स्वरूप नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डा. अहतेशामुल हक सिद्दीकी व डा. इकरा ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य प्रो. अनीस अहमद, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार गर्ग, डा. फसीह, डा. रिहाना अलवी, डा. रिफत अली, डा. युनूस, डा. सलीमुर्रहमान, डा. नवेद अख्तर, डा. फुरकान आदि छात्र-छात्राएं सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर का सामान किया चोरी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बेखोफ चोरो ने खेत पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया। पीडित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर चोरियों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

गंगदासपुर जट्ट गांव में चोरों ने खेत में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को नीचे गिरकर उसका सामान चोरी कर दिया। मामले में पीडित किसानों ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें ग्रामीण तरुण चौधरी, दिनेश शर्मा और सुरेश ने बताया कि उनके खेतों पर सिंचाई के लिए 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। रात के समय चोरों ने ट्रांसफार्मर को नीचे गिरकर उसका सामान चोरी कर लिया। सुबह खेत पर पहुंचने पर इसकी जानकारी हुई।

# मिशन शक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण

**देवबन्द।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने मिशन शक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि इस दौरान उन्हें अभिलेखों में मिली खामियों को ठीक करने और कोहरे के चलते क्रिटिकल कोरिडोर की सीसी टीम की समीक्षा भी की। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने देवबन्द कोतवाली पहुंच मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अभिलेखो में खामिया मिलने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने एंटी रोमियों टीम के गश्त बढ़ाने को निर्देशित किया। सागर जैन ने बताया कि पीडित महिलाओं की शिकायत करने के बाद उसे तीन माह में प्रत्येक पखवाड़े में फीडबैक अभीलेखों में दर्ज नहीं किया जा रहा था। जिसके लिए उन्होंने देवबंद कोतवाली प्रभारी



और मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया। बताया कि कोहरे के चलते दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए क्रिटिकल कोरिडोर टीम का गठन किया गया है। जिसका कार्य अत्याधिक दुर्घटना क्षेत्रों का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणो की जानकारी प्राप्त करना है सुझाव देने है। साथ ही गन्ने का सीजन चलने के कारण गन्ने के वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाने और प्रतिदिन उसकी समीक्षा करने को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# 24 दिन बाद भी चार साल के आहद का सुराग नहीं

**देवबन्द।** बन्हेड़ा खास गांव निवासी शफक्कत का चार साल का बेटा आहद आखिर कहां गायब हो गया। 24 दिन गुजरने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस की जांच में भी अभी तक कोई नतीजा सामने नहीं आया है। विगत 20 नवंबर को आहद दो अन्य बच्चों के साथ घर के सामने बन रहे घेर में खेल रहा था। लेकिन वापस नहीं लौटा। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी दो ही बच्चे वापस लौटते दिखाई दे रहे थे। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, पास में बने तालाब और खेतों में भी उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। कोई फोन कॉल भी नहीं आई। 24 दिन का लंबा समय गुजरने के चलते परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में सबसे छोटा होने के चलते आहद सभी को दुलारा है, जिस कारण अब सभी को उसकी चिंता सताने लगी है। आहद के चाचा शराफत ने बताया कि उसके बारे में कुछ पता नहीं लगा है, हर दिन वह पुलिस के पास भी जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाई शफक्कत के सात बच्चे हैं, आहद इनमें सबसे छोटा है। करीब पांच बीघा संयुक्त जमीन में खेती कर शफक्कत परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी किसी से कोई रंजिश भी नहीं है। वहीं पुलिस का कहना है कि बालक की तलाश में डॉग स्क्वायड भी लगाया गया, साथ ही ड्रोन कैमरों से खेतों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सभी जगह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी निकाली गई। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

# बिलासपुर में नाला न बनाएं जाने से ग्रामीण नाराज, काम रूकवाया

**देवबन्द।** सड़क के दोनों ओर जल निकासी के लिए नाला न बनाए जाने से नाराज ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। और जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर जनहित में नाला निर्माण कराए जाने की मांग की।

गांव बिलासपुर से शिवपुर तक बन रही सड़क के दोनो ओर जल निकासी न होने से नाराज ग्रामीण निर्माणाधीन सडक पर पहुंचे और जल निकासी के लिए नाला न बनाए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीण कुलदीप सिंह, बाबूराम, पवन कुमार, सतपाल, शिवकुमार, देशराज सैनी, सुशील सैनी आदि का आरोप है कि ठेकेदार और जेई निर्माण में अनियमित्ता बरत रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने डीएम सहारनपुर को ज्ञापन भी भेजा। जिसमें



बताया कि बिलासपुर गांव से शिवपुर तक पीडब्ल्यूडी सडक निर्माण करा रहा है। जल निकासी के लिए शासन से सडक के दोनों और नाला बनाए जाने की भी मंजूरी मिली हुई है। लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार और जेई नाले का निर्माण नहीं करा रहे हैं, जिस कारण यहां जल निकासी की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। ज्ञापन में जनहित का ध्यान रखते हुए उक्त मार्ग पर नाले का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है।

# विभिन्न स्पर्धाओं के साथ खेल उत्सव सम्पन्न

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में चल रहा खेल उत्सव संपन्न हुआ। अंतिम दिन विभिन्न खेलों में छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेपल्स एकेडमी में अंतिम दिन ऊर्जा उत्सव-5 में छात्रों ने कराटे, बैडमिंटन, रोल बाल, क्रिकेट के अलावा डांस, योगासन एवं संगीत आदि गतिविधियों में भाग लिया और अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने विजेता छात्रों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी खेल जीत या हार की भावना से नहीं बल्कि ईमानदारी, कड़ी मेहनत और समर्पण भाव से खेलना चाहिए। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों की स्वस्थ




जीवन शैली, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इस मौके पर मुकेश मित्तल, यशवंत राणा, अंकुर राठी, नीलम सिंघल, उत्कर्ष वत्स, मुकुल वर्मा, शुभम शर्मा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न माडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई।

आरके पब्लिक स्कूल प्रागण में प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, कृषि नवाचार, स्मार्ट सिटी, एआई आधारित उपकरण, भू-ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, पेंटिंग, वाटर कलर आर्ट, पाटरी, हैंडमेड सजावटी आइटम, पेपर आर्ट, वेस्ट मैटेरियल से बने सामान समेत विभिन्न पारंपरिक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने छात्रों द्वारा बनाए गए माडलों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा को सराहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मक



अभिव्यक्ति, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने बच्चों से माडलों से संबंधित सवाल भी पूछे, जिनका छात्रों ने बेबा. की से जवाब दिया। विद्यालय के चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा व प्रधानाचार्य मोनिका कपूर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, डा. डीके जैन, जेपी राणा, पप्पू, राणा, बिजेंद्र सिंह, जसवंत राणा, रोहित सिंह आदि शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं को दी नए कानूनों की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उपनिरीक्षक लोकेश कुमार हेड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह मय पी सी 2 मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल प्रवेश ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं आम नागरिकों को अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने अपराध होने की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने, साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा कानूनी प्रावधानों का सही तरीके से उपयोग करने के बारे में समझाया।कार्यक्रम के दौरान साइबर क्राइम से जुड़ी बढ़ती घटनाओं पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया पर होने वाली छेड़खानी, फर्जी कॉल व लिंक से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी दी।इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लेकर किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में चल रही वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। इसमें कक्षा तीन से नौ तक के बच्चों ने विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल प्रागण में प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्कूल संस्थापिका अतिया फैजान सिद्दीकी ने गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया। वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी और को-चेयरमैन अहमद फैजान सिद्दीकी ने कहा कि खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत




बनाते हैं, बल्कि टीम भावना और नेतृत्व जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाते हैं। इस मौके पर मलिक मोअज्जम, शिप्रा सहगल, सलेम राज आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# युवकों के अग्निवीर के चयन पर गांव में खुशी का माहौल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** युवकों का चयन अग्निवीर में होने से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने चयनित कर युवाओं को पटका पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**रणखंडी गांव निवा. सियों ने चयनित युवकों को पटका पहनाकर व शॉल उढ़ाकर किया सम्मानित।**

रणखंडी गांव से सेना में चयनित हुए अभिषेक पुंडीर, हिंमाशु पुंडीर, रजत, सौरभ पुंडीर और उदय प्रताप अब अग्निवीर बनकर देश सेवा करेंगे। युवाओं के चयनित होने की खबर से गांव में खुशी का माहौल है। रणखंडी गांव में ग्रामीणों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पांचों युवाओं को पटका पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कुटी आश्रम के स्वामी शांतनु महाराज ने उन्हें आर्शीवाद दिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने कहा कि चयनित पांचों युवाओं का अपनी मेहनत और लगन से सेना में चयन हुआ है, इससे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। इस मौके पर आजाद सिंह, सत्य राणा, राहुल, अंकित, सोमसिंह, अंबरीश और बाली राणा, रामबीर सिंह, किशोर राणा, ओमकार, मनोज पुंडीर, शैलेन्द्र सिंह आदि शामिल

# वांछित वारंटियों को न्यायालय के समक्ष किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने अलग-अलग आरोपों में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर दो वांछितों को गिरफ्तार कर न्यायायलय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि गांव धर्मपुर गुज्जर निवासी अनुज को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजिकृत था। वहीं गांव अंबेहटा शेखा निवासी इरफान को भी न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। **उधर,** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुलसठ गांव के घूम से गांव निवासी संदीप को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से यूपी मार्का देसी शराब के 40 पव्वे बरामद किए हैं। आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान किया गया है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में भेजा जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने कुलसठ गांव निवासी आशीष कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी आशीष ने सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके चलते आशीष को उसी के घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने साल्हापुर गांव निवासी गुलबहार को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था।

## समाधान दिवस में 6 शिकायतें प्राप्त, दो का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** जनपद शामली के थाना भवन थाने में शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह यादव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना रहा।आयोजन के दौरान कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष 4 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की ओर से कानूनगो सुनील दत्त अपनी टीम के सभी लेखपाल सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। राजस्व टीम का मुख्य फोकस भूमि से जुड़े विवादों के समाधान पर रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह यादव ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपालों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि विवादों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आमजन को न्याय एवं राहत देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शेष लंबित शिकायतों पर भी शीघ्र कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत प्रदान की जाएगी।



# नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** कस्बे के बस स्टैंड स्थित राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं अभिभावक भी सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहे।

जनपद के भैसवाल नहर पटरी पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की कुल 80 सीटों पर प्रवेश के लिए इस वर्ष जनपद भर से 1589 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। इतने अधिक आवेदनों को देखते हुए प्रशासन द्वारा जनपद के पांच अलग-अलग ब्लॉकों में एक-एक कर कुल पांच परीक्षा केंद्र




बनाए गए, जहां एक साथ परीक्षा कराई गई। झिंझाना कस्बे में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस केंद्र पर कुल 290 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, जिसमें से 255 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई और परीक्षा के दौरान अनुशासन व गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया। राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल जैसी शिकायत सामने नहीं आई। प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थी संतुष्ट नजर आए।

**थानाभवन।** नगर के विद्यालयं में आयोजित नवोदय परीक्षा में 52 बच्चे अनुपस्थित रहे। थानाभवन के लाला लाजपतराय इंटर कॉलेज में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शनिवार को आयोजित की गई। नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 328 बच्चो की परीक्षा होनी थी। जिसमे मात्र 276 बच्चे ही परीक्षा में उपस्थित रहे। जिसके चलते 52 बच्चो ने परीक्षा में भाग नही लिया। लाला लाजपतराय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चन्द्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि हमारे कॉलेज में 328 बच्चो की परीक्षा होनी थी। जिसमे 276 बच्चे ही परीक्षा में उपस्थित रहे तथा 52 बच्चे अनुपस्थित रहे। नवोदय विद्यालय से आए अध्यापकगण वीरेंदर कुमार पाण्डेय, निर्मला देवी के साथ विद्यालय में तैनात अध्यापकों की सुरक्षा के बीच परीक्षा सम्पन्न हो गई।

## निशुल्क कैंप में आंखों की हुई जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** नगर की शिक्षण संस्था होली मदर अकैडमी में निशुल्क कैंप लगा कर बच्चों की आंखों का चेकअप किया गया। शनिवार को होली मदर अकैडमी में बच्चों की आंखों में जलन कम दिखाई देना आंखों से पानी बहना अन्य शिकायतों को देखते हुए होली मदर अकैडमी के प्रबंधक संगीत गोयल ने नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित कुमार के माध्यम से निशुल्क आंखों के चेकअप के लिए शिविर लगाया। आगामी समय में बच्चों को अध्ययन करने में कोई परेशानी ना हो इसलिए यह निर्णय लिया गया। डॉक्टर अंकित कुमार ने सभी बच्चों का अच्छे से चेकअप करके सराहनीय कार्य किया है। कुछ बच्चों की समस्याएं सामने आई है इसके विषय में उन बच्चों के अभिभावकों को अवगत करा दिया गया है। होली मदर अकैडमी के प्रबंधक संगीत गोयल ने कहा कि हम अपने अकादमी के सभी बच्चों का विशेष ध्यान रखते हुए हर पहलू पर कार्य करने में बाध्य हैं और आगामी समय में भी बच्चों के हित में सभी कार्यों को करने पर प्रतिबंध है अकादमी के प्रधानाचार्य सुभाष आर्य, शिखा राणा, पूजा तायल अंजू, मंजू मंजू, ललिता अन्य सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।



# भारत-द.अफ्रीका का तीसरा मैच आज

**दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रूख तय करने में अहम होगा**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकबाले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और लाइनअप को स्थिरता देने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले मैच में काफी रन देने के बाद भारत की गेंदबाजी इकाई पर सबकी नजर रहेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दूसरे टी-20 में शुरुआती विकेट लेने में नाकाम रहे और मेजबान टीम उनसे ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। स्पिनर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने विकेट लिए हैं और वे बीच के ओवरों को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका पिछले मैच में दमदार बल्लेबाजी की बदौलत अपनी शानदार जीत से आत्मविश्वास हासिल किया। क्विंटन डी कॉक आक्रामक पारी खेलकर टीम की अगुवाई करने, जबकि कप्तान एडन मारक्रम अच्छी शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई, जिसे डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने मजबूत किया है। गेंदबाजी की बात की जाए तो पिछले मैच में ओटनील बार्टमैन चार विकेट लेने के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी के तेज आक्रमण को और मजबूत बनाया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में दबाव बना पा रहा है। धर्मशाला मैदान की छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के सेट होने के बाद स्ट्रोक प्ले में मदद करती हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब है और शाम को बाद में ओस पड़ने की उम्मीद है। दोनों टीमें सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिए बेताब हैं, इसलिए एक कड़े मुकाबले की उम्मीद है, क्योंकि भारत घरेलू फायदे पर निर्भर है जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी नई गति को बनाए रखना चाहेगा। संभावित भारतीय टीमप्रतिशत अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा।

संभावित दक्षिण अफ्रीका टीमप्रतिशत रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लुथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, ट्रिस्टन स्टब्स, केशव महाराज, एनरिक नॉर्टजे, टोनी डी जॉर्जी, कॉर्बिन बॉश, रीजा हेंड्रिक्स और क्वेना मफाका

## जियोस्टार पर दिखेंगे टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच

# आईसीसी ने एग्रीमेंट टूटने पर रिपोर्ट्स का खंडन किया




● **काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। आईसीसी और ब्राडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी आईसीसी इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा-जियो पीछे हटा 8 दिसंबर सोमवार को इकोनामिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्राडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि आईसीसी ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफार्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। 2023 में आईसीसी ने अपने 4 साल (2024 से 2027 तक) के सारे टूर्नामेंट्स के भारत में दिखाने के अधिकार जियोस्टार (तब स्टार इंडिया) को बेचे थे। 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप को हाटस्टार पर फ्री में दिखाया गया था। भारत आईसीसी की कमाई का 80प्रतिशत देता है भारत आईसीसी के रेवेन्यू का करीब 80प्रतिशत हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। आईसीसी ने 2024 में +474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब अतिरिक्त कमाई या प्राफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्चे कटने के बाद जो बचे)। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेडयूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## फीफा विश्व कप 2026 की टिकट के लिए 24 घंटे में 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, वार्ता।** अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/ टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

## श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** सेतमिका सेनेविरत्ने (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद दिमांता महाविताना (नाबाद 39) और कविजा गमागे (24) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 211 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 14-5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। कविजा गमागे ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 24) रन बनाए। विरन चामुदिता (10) और के वितानापतिराना (दा) रन बनाकर आउट हुए।

## मेसी के स्वागत आयोजन में कुप्रबंधन पर ममता ने माफी मांगी उच्च स्तरीय जांच का ऐलान



**सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी**

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी के यहां दौरे के मौके पर सॉल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में मची अफरा-तफरी और कुप्रबंधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए 'जिम्मेदारी तय करने' और 'ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने' के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच का ऐलान किया।

सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि स्टेडियम में जो कुछ हुआ, उससे बहुत परेशान और हैरान है। यहां हजारों दर्शक अपने पसंदीदा फुटबॉलर को देखने की उम्मीद में इकठा हुए थे। उन्होंने कहा कि वह उस समय वह खुद कार्यक्रम स्थल पर जा रही थीं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से ईमानदारी से माफी मांगती हूं। मैं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं।

# लियोनेल मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत

## झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक



**कोलकाता, वार्ता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी को 14 साल बाद फुटबॉल के दीवानों के शहर कोलकाता में लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर में हजारों प्रशंसक, अपने पसंदीदा वैश्विक सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए, मध्यरात्रि के बाद कड़ाके की ठंड में भी डटे रहे। हालांकि, बाद में साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में यह उत्साह उस समय अराजकता और निराशा में बदल गया, जब उनके प्रशंसक मेसी की एक झलग ठीक से नहीं पा सके। मेसी का विमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल देर रात उतरा। उनके आगमन पर वहां मौजूद लोगों में जोश भर गया। उनके समर्थक बार्सिलोना की नंबर 10 जर्सी पहने उनका नाम लेकर चिल्ला रहे थे और अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद, भीड़ हवाई अड्डे के परिधि और हयात रीजेंसी होटल के पास जमा हो गई। मेसी को इस होटल में ठहराया गया था। भारतीय फुटबॉल का मक्का कहे जाने वाले कोलकाता शहर ने मेसी की दूसरी यात्रा को यादगार बनाने के लिए पूरे मन से तैयारी की थी। इनमें ईएम बाईपास पर लेक टाउन क्रॉसिंग पर फैन जोन और एक विशाल 70 फुट की प्रतिमा शामिल थी। सूत्रों ने बताया कि साल्ट लेक स्टेडियम के पास होटल जाते समय, मेसी को शहर के प्रवेश द्वार वीआईपी रोड पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास फीफा विश्व कप पकड़े हुए उनकी एक सफेद प्रतिमा दिखाई गई। प्रशंसकों की भीड़ में नादिया जिले के कल्याणी से एक किशोर लड़का भी व्हीलचेयर पर यात्रा करके आया था। मेसी के कट्टर समर्थक उनको फुटबाल का ष्भगवानष मानते हैं। मोहन बागान क्लब के सदस्य सुरजेंदु गांगुली ने कहा कि मेसी का कोलकाता आना एक बड़ी बात है।

### मेसी ने किया कोलकाता में दुनिया की सबसे ऊंची अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** 2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



● **यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाईनऔर डिजीटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से बात की। उन्होंने कहा- वकील पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से संपर्क करें। अदालत ने प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को आईटी एक्ट 2021 के तहत शिकायत मानकर जरूरी कदम उठाएं। यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है। एक दिन पहले अभिनेता सलमान खान और तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे।


कोर्ट ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं। गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कामर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्राफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था।

# लिएंडर पेस-महेश भूपति 'कोर्ट पर' एक साथ दिखे

● **इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैड स्लेम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर नंबर-1 बने है और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गए। इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा कि अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी



हासिल की है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बहुत दिलचस्प है। पेस ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी भूमिका पर कहा कि 40 साल तक अपने देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और सात ओलंपिक खेलना एक आशीर्वाद है। अब, बच्चों को मेंटर करना और ऐसी लीग बनाना ताकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल सकें।

## असम के चार खिलाड़ी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

● **इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025 के दौरान कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के कारण चार खिलाड़ियों अमित सिन्हा, इशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

एसीए ने शुक्रवार को इन चारों खिलाड़ियों निलंबित कर दिया। उन्होंने इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्रथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है। ए सभी खिलाड़ी अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने वाले कुछ असम के खिलाड़ियों को प्रभावित और उकसाने का प्रयास करने का आरोप है। एसीए के सचिव सनातन दास ने कहा कि आरोप सामने आने के बाद बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा यूनिट (एएससीयू) ने जांच की थी। एसीयू ने भी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली नजर में खेल की अखंडता को प्रभावित करने वाले गंभीर कदाचार में उनकी भागीदारी प्रतीत होती है। असम के एसएमटीए लीग मैच 26 नवम्बर से आठ दिसम्बर तक लखनऊ में हुए थे। टीम चल रहे सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दास ने कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इन खिलाड़ियों को जिला इकाइयों या इससे जुड़े क्लबों द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट या मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में



● **बीसीसीआई ने 16 सितम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के एक्शन के बारे में जानकारी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं।

पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गेंदबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसम्बर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था। अगर उन्हें फिर से संदिग्ध एक्शन के लिए बुलाया जाता है, तो उन पर आईपीएल में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने अहमदाबाद में उस मैच में तीन ओवर फेंके थे और 24 रन देकर तीन विकेट लिए थे। हुड्डा ने भारत के लिए 10 एकदिवसीय और 21 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, अबू धाबी नीलामी में एएल1 (ऑलराउंडर) कैटेगरी में 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल हैं।

### साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसम्बर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए।

## केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की मिली अनुमति

● **यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत के दो बड़े खिलाड़ियों के खेलने की संभावना को देखते हुए केएससीए चिन्नास्वामी के कुछ स्टैंड्स को प्रशंसकों के लिए खोलने का भी विचार कर रहा है ताकि दो हजार से तीन हजार प्रशंसकों के लिए खेल देखने की व्यवस्था की जा सके।

# दिल्ली में होने वाली रैली होगी ऐतिहासिकः रावत

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा मलिक के आवास पर पूर्व सीएम की वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड रैली देश की सबसे बडी ऐतिहासिक रैली होगी।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से दिल्ली जाते समय छुटमलपुर में अपने स्वागत कार्यक्रम के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होने कहा कि पूरे देश में से आमजन्मानस रैली में आ कर भाजपा की वोट चोरी की असलियत सामने लाना चाहता है युवा वर्ग, किसान मजदूर, सेवानिवृत्त राज्यो और केंद्र सरकार के कर्मचारी, पूर्व सैनिक पूरे देश से दिल्ली पहुँच चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल भाजपा, आरएसएस और



अन्य दूसरे सहयोगि इतिहास के हर चैप्टर पर विवाद खड़ा कर रहे है, वे इतिहास के उन पन्नों को खोद-खोद कर निकाल रहे हैं जिससे भारत की सामाजिक एकता कमजोर हो रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बिहार में चुनाव आयोग और केंद्र सरकार दोनों ने साँठगाँठ से चुनाव से ठीक पहले महिलाओं की दस दस हजार रुपये देने और वोट चोरी कर चुनाव को अवैध संसाधनों और सत्ता और आयोग की मिलीभगत से जीता गया है। भाजपा चुनाव आयोग के सहारे आने वाले दूसरे चुनावों को प्रभावित करने की प्लान कर युद्धस्तर पर वोटचोरी कर रही है लेकिन आम जनमानस भाजपा और चुनाव आयोग के खेल को समझ चुकी है।

उत्तराखण्ड सरकार पर हमला बोलते हुये उन्होंने कहा कि उत्तराखंड कि सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है केवल अवैध खनन, पेपर लीक उत्तराखण्ड सरकार की उपलब्धि है। कर्मचारी अपनी माँगो के लिये हड़ताल कर रहे है तो देहरादून में वकील पिछले एक महीने से अपने चेंबर की माँग को लेकर हड़ताल पर बैठे है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने कल की दिल्ली रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की। उन्होंने भाजपा को किसान मजदूर युवा विरोधी और उद्योगपतियों के हकध् की सरकार बताया।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, कारीआबिद, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, सुखदेव चौहान, परवीन चौधरी, अरशद अली, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, फजल मिर्जा, वकील मलिक, इश्तियाकध मलिक, काययूम मलिक। महबूब तलहेड़ी, अदीब मलिक, परवेज अंसारी, याहिया मलिक, इस्लाम मलिक, शफीकध मलिक, आजम मलिक, लुकमान मलिक, डाक्टर बिलाल, हाजी छोटा, इस्लाम आदि मोजूद रहे।

# युवाओं को दिशा, स्वास्थ्य और रोजगार देती है खेल प्रतियोगिताःरूही अंजुम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि युवाओं को दिशा और रोजगार देने में खेल महत्वपूर्ण माध्यम है।



रूही अंजुम ने यह बात छुटमलपुर में आयोजित नूर क्रिकेट टुर्नामेंट के समापन मौके पर खिलाडियों को सम्मानित करते हुए कही। उन्होने कहा कि मौजूदा समय में खेल केवल मनोरंजन का साधन नही बल्कि रोजगार का बेहतरीन माध्यम बन गया है। खेल से न सिर्फ युवाओं को सही दिशा मिलती है बल्कि नई ऊर्जा के साथ युवा वर्ग सामाजिक ताने बाने को भी मजबूत करता है। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को अवसर और गांव देहातों को पहचान दिलाते है। उन्होने विजेता और उपविजेता टीम के अहावा दंगल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान शमशाद अहमद, देव गोसाई, मौ. उसमान, जुबैर, मुशाहिद, माज, शमीम खलीफा, सद्दाम हुसैन, अहतेशाम गाडा आदि मौजूद रहे।

# फतेहपुर पुलिस की मुस्तैदी, 2 घंटे में छेड़छाड़ का आरोपी सहित 4 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में एक बार फिर सराहनीय कार्य किया। पिछले 24 घंटों में पुलिस ने विभिन्न मामलों में कुल चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें छेड़छाड़, बलवा व हत्या के प्रयास तथा पुराने वारंटी मामले शामिल हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सबसे त्वरित कार्रवाई छेड़छाड़ के मामले में हुई। 13 दिसंबर को पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अमन पुत्र सुरेश, निवासी फाखरपुर उर्फ सबरीपुर के खिलाफ मुकदमा संख्या 375/25 धारा 74/115(2) बीएनएस दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामआसरे व कांस्टेबल अमीन की टीम ने मात्र दो घंटे में आरोपी को उसके गांव से दबोच लिया आरोपी के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप थे जबकि इसी क्रम में जुलाई महीने के बलवा व हत्या के प्रयास के पुराने मामले में दो वांछित अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। मुकदमा संख्या 158/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109/115(2)/352/351(2)/3(5) बीएनएस के तहत चल रहे उम्मेद पुत्र शकूर और रहमान पुत्र शकूर, दोनों निवासी दतौली मुगल को पुलिस टीम ने गांव से गिरफ्तार किया। टीम में उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, उपनिरीक्षक अमित सोनी, हेड कांस्टेबल प्रेम कांस्टेबल बबलू कुमार व कांस्टेबल अमीन शामिल थे। यह मामला ग्राम समाज की भूमि पर विवाद से जुड़ा था जिसमें दोनों पक्षों ने हथियारों से हमला किया था

इसके अलावा पुराने वारंटी अभियुक्त महावीर पुत्र कृपाराम, निवासी बट्टनवाला को भी गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ वर्ष 2001 का मुकदमा संख्या 58/01 धारा 506 भा.द.वि. व वाद संख्या 2203385/18 दर्ज था। आज तारीख पेशी होने पर उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, अमित सोनी व कांस्टेबल बबलू कुमार की टीम ने उसे उसके घर से पकड़ा।सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने कहा कि महिलाओं व समाज की सुरक्षा के प्रति पुलिस पूरी तरह सजग है और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# ...हमेशा सच निकलता था कलम जब उठाते थे





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हजरत कुतुब ए आलम के उर्स के मौके पर नगर पालिका द्वारा आयोजित मुशायरे का आयोजन किया गया।

मुशायरें की शमां रोशन एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद, सज्जादा नशीन शाह महताब, हमजा मसूद, ईओ सुरेंद्र कुमार ने की। नफीस देवबंदी ने नात ए पाक पढीए अफजल मंगलौरी ने यूं कहा कि कभी रूठ जाना कभी मान जाना, वो नखरे पे नखरे किये जा रहे हैं। बिलाल सहारनपुरी ने पढ़ा कि यहां कुछ लोग थे जो आइना सबको दिखाते थे, हमेशा सच निकलता था कलम जब उठाते थे। हाशिम फिरोजाबादी, सिकन्दर हयात गड़बड़, वासिल खान, मोनिका मन्तशा, अरशद जिया, नवाजिश नजर, अमजद खान, शगुफ्ता अंजुम, तारिक अनवर, इमरान अजीम, जुनैद अख्तर, आतिफ कुदुसी, उसामा गंगो.ही आदि शायरों ने अपने कलाम पढें। पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद ने आभार जताते हुए कहा कि हर साल हजरत कुतुब ए आलम के उर्स में मुशायरा और मां भगवती मेले में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## वाहन चोर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

10 दिसम्बर को वादी नितिन पुत्र सतपाल निवासी ग्राम रठौरा धनौरी जिला हरिद्वार उत्तराखंड ने थाना जनकपुरी में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाा जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रविंद्र पाल सिंह व उपनिरीक्षक अजय कसाना के नेतृत्व में मुखबिर की तहरीर पर मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए एक शातिर चोर समीर पुत्र फरीद निवासी कांशीराम कालोनी को गिरफ्तार लिया।

# मदर टेरेसा स्कूल को मिली चैम्पियन ट्राफी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केएलजी पब्लिक स्कूल में अंर्तविद्यालय एथलेटिक्ट मीट में मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल सरसावा को चैंपियन ट्राफी प्रदान की गई।

स्कूल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ एएसपी मनोज कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, महावीर प्रसाद, प्रबंधक यतेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक नवीन गुप्ता एवं प्रधानाचार्या डा.नीरू त्यागी ने किया। एएसपी मनोज कुमार यादव ने कहा कि खेलों के पीछे हमारा उद्देश्य निर्धारित होना चाहिये। प्रतियोगिता में लोंग जंप, रोलिंग बौल रेस, थ्री लेग रेस, शटलरन, शॉट पुट, इंस्ट्रूमेंट परफारमेंस, रिले रेस व जिमनास्टिक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार के एल जी पब्लिक स्कूल चैम्पियन रहा लेकिन प्रतियोगिता का आयोजक होने के कारण विजेता की ट्राफी मदर टेरेसा पब्लिक स्कूलसरसावा को प्रदान की गई। प्रतियोगिता में जयसेवा विद्यालय आलीपुर रनर अप रहा। समापन पर प्रबंधक ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्यक की कामना की, जबकि प्रधानाचार्या डा.नीरू त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

# हाजी फजलुर्रहमान ने सलीम सैफी के इंतकाल पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ समाजसेवी हाजी वसीम सैफी, हाजी मुरसलीन सैफी के पिता हाजी सलीम सैफी का निधन हो गया। हबीबुल्लाह मदनी, मौलाना इरफान, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, चेयरपर्सन प्रति. निधि कुलदीप बालियान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुँच कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।



बीती रात हाजी सलीम सैफी का ह्रदय गति रुकने के कारण निधन हो गया।उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।सूचना पर हजरत मौलाना हबीबुल्लाह मदनी, हजरत मौलाना इरफान खेड़ा मुगल, मौलाना मसीउल्लाह, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, काजी नदीमुल हक, चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, काजी अब्दुल बासित, अबूबकर चौधरी, रविंद्र चौधरी, आफताब लाला, असलम मलिक, सभासद नफीस सैफी, हाजी मोहम्मद अय्यूब, शाहनवाज सैफी, खुश मोहम्मद सैफी, प्रदीप बालियान, आबिद सैफी, नासिक नजमी, मौलाना आसिफ नदवी, मलिक परवाना, आरिफ तन्हा, राशिद सैफी, असगर सैफी, निसार सैफी, इकबाल सैफी, हाफिज जमशेद, अहसान मलिक, आफताब मलिक, सूफी शमशाद, शुभम चौधरी, दिग्विजय चौधरी, अमित चौधरी, हाजी अनीस राय, नसीम आजाद, हाजी महताब आदि सैंकड़ो लोगों ने उनके निवास पर पहुँच कर शोक व्यक्त किया।

हाजी सलीम सैफी के भतीजे आस मोहम्मद सैफी ने बताया कि बीती रात हाजी सलीम सैफी ने सीने में दर्द होना बताया तो तत्काल उन्हें एक हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नही बचाई जा सकी। आस मोहम्मद सैफी ने कहा कि हाजी सलीम विन्रम और मिलनसार स्वभाव के थे। बाद नमाज जोहर मदरसा असदिया में उनकी नमाज ए जनाजा हुई और उनको सुपुर्दे खाक किया गया।

# जिदंगी जीना सिखाते हैं स्काउट गाइडः डा. अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी स्काउट गाइड जिंदगी को जीना सिखाते है।

डा.अशोक मलिक तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त राजेश जैन, जिला आयुक्त अशोक सक्सेना व सब इंस्पेक्टर अंजू सिंह के साथ समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में बच्चों द्वारा विभिन्न राज्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें उत्तर प्रदेश को प्रथम, बिहार को द्वितीय तथा हरियाणा व पंजाब टीम को तीसरा स्थान मिला। सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल स्मृति



चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

डॉ अशोक मलिक ने कहा की निजी स्कूलों में हम प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करते हैं स्काउट गाइड विषम परिस्थितियों में जीवन जीना सीखाते हैं अनुशासन और भारतीय संस्कृति और सभ्यता को ध्यान में रखते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा देने का काम निजी स्कूल के संचालक कर रहे हैं यदि सरकार निजी स्कूलों को प्रोत्साहित करें तो शिक्षा के क्षेत्र में अमूल चूल परिवर्तन किया जा सकता है और राष्ट्र का निर्माण भी तभी संभव है राष्ट्र निर्माण में निजी स्कूलों की अहम भूमिका है।

इस अवसर पर प्रतिभागी शिनाया जैन को बेस्ट बुलबुल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त निकिता, जैद मलिक, लवी, भाव, रचित, आराध्य, निकुंज, भाविक, दिव्यांश, कशिश, प्रियांशु, कुंज, आर्यन, इनाया, सोना, अने, शिवांश, गौरंगी, वेदांत, संवि, शनाया आदि बच्चों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रणेश, मीनू सचदेवा, इशिका कमल, मानवी, तूलिका शर्मा, निहा. रिका, हिमांशी, सिमरन खुराना, अनु गुलाटी, सुनीता वाधवा, मंगलेश, सुदीक्षा सहित समस्त शिक्षकख्शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# रस्म जुब्बा को लेकर नहीं निकला समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हजरत कुतुब ए आलम के 502 उर्स में देश के कोने कोने से जायरीनों का आना शुरू हो चुका है। मगर उर्स की 5 साल से विवादित चल रही 15 दिसम्बर को होने वाली मुख्य रस्म जुब्बा को लेकर प्रशासन व पक्षकारों की बैठक में कोई समाधान नही निकल सका। जिससे जुब्बे की जियारत के बिना ही श्रद्धालुओं को मायूस लौटने की संभावना बढगई है।

कुतुब ए आलम के उर्स की मुख्य रस्म जुब्बा को लेकर शनिवार को एडीएम ईए एडीशनल एसपीए एसडीएम सुरेंद्र कुमार, सीओ अशोक कुमार व कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित, एलआईयू इंस्पेक्टर रामप्यारी ने कोतवाली में दोनों पक्षों से लम्बी बातचीत की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद उनसे संबंधित कागजात भी ले लिए मगर कोई निर्णय न देकर मामला 14 तक लमिबत कर दिया पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद के अलावा यावर मियां, मसूद मियां, राजा फरीदी, सऊद अहमद, नैयर मंजूर आदि शामिल रहे।

बातचीत के बात अधिकारी गणों ने मौका मुआयना कर दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था भंग न करने की चेतावनी दी।

## मॉकड्रिल कराई

**सहारनपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. अग्निशमन तथा आपात सेवा, लखनऊ के आदेशानुसार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सहारनपुर में स्कूलों तथा औद्योगिक इकाइयों में मॉकड्रिल संयुक्त अभ्यास एवं फायर हैजार्ड की रिस्क मैपिंग के अंतर्गत मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इस क्रम में शैक्षणिक संस्थानों में सेठ जयपुरिया स्कूल, पुवारंकाय मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल, सरसावा तथा आर.के. पब्लिक स्कूल, देवबन्द में मॉकड्रिल कराई गई। वहीं औद्योगिक इकाइयों में मैसर्स स्टार पेपर मिल लिमिटेड, सहारनपुरय दया शुगर मिल, गागलहेड़ी, त्रिवेणी शुगर मिल, देवबन्द एवं दि किसान सहकारी शुगर मिल, सरसावा में अग्निशमन अभ्यास संपन्न हुआ। मॉकड्रिल के दौरान उपस्थित स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गई।

# चौपाल में नशे के दुष्परिणाम बताए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नशा मुक्ति अभियान ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत चिलकाना थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा स्थित प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों के साथ एक जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को नशे के शारीरिक और मानसिक नुकसान, परिवार व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और अपराध में वृद्धि जैसे गंभीर परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए, समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलायी ओर कहा कि यदि आस पास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थो की तस्करी करता दिखायी दे, तो पुलिस को इसकी जानकारी देकर ऑपरेशन सवेरा अभियान को आगे बढ़ाने में प्रशासन का सहयोग करें। ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की और नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

## मूल्यांकन कराया

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा 12 एवं 13 दिसंबर 2025 को जूडो छात्रावास (बालक) का द्वितीय मूल्यांकन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

द्वितीय मूल्यांकन मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष अनिमेष सक्सेना, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी अयोध्या तथा सदस्य सुश्री पूनम विश्नोई, उप क्रीडाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया। मूल्यांकन के दौरान छात्रावास में रह रहे खिलाड़ियों की खेल दक्षता, अनुशासन, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मानकों का गहन निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन समिति ने जूडो छात्रावास बालक सहारनपुर की व्यवस्थाओं एवं खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणामों की अपेक्षा जताई।

# खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, सहारनपुर के तत्वाधान में विधानसभा सहारनपुर नगर की दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। विधायक खेल स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा मे एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती खेल की प्रतियोगिताओ का आयोजन सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्गो मे किया गया। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल पुरुष वर्ग में स्टेडियम की टीम प्रथम व वॉलीबाल महिला वर्ग में एम. एस. कॉलेज की टीम प्रथम रही। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में वैष्णवी चौधरी, 200 मीटर दौड़ में रिया चौधरी, 400 मीटर दौड़ में आरुषी, 800 मीटर दौड़ में साक्षी, व शॉटपुट में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में सहारनपुर की टीम प्रथम रही। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, विकास कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की विधायक खेल स्पर्धा योजना द्वारा युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ है। दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग), लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश कुमार, ईश्वरपाल सिंह मुखिया, सुनील कुमार, जयेन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, पोपिन कुमार, रविकान्त धीमान, प्रियंका चौहान, रुपेश, अमित राठी, सुभाष चौधरी, जयंत सैनी, सतीश, महेन्द्र, बृजेश आदि उपस्थित रहे।



नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास स्थित कर्तव्य पथ धुंध से घिरे हुए दृश्य के बीच सैर करते लोग।

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

सना। पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं। जनरल स्टाफ ने अलगाववादियों पर हद्रमाउत को अस्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अधिकारियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन में संघर्ष समाप्ति के नजदीकः अलेक्जेंडर स्टब

**हेलसिकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले रूस और यूक्रेन के बीच चले आ रहे संघर्ष का कोई न कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं और वहां शांति की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। स्टब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पिछले चार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में शांति या अंतिम परिणाम के अधिक नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले 'किसी प्रकार का समाधान' निकालने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने विशिष्ट चर्चाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि यूक्रेनी संघर्ष के लिए यूरोप के पास कोई स्वतंत्र समाधान नहीं है।

# कोठरी में इमरान को एकांत कारावास

### संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस एडवर्ड्स ने जताई चिंता, कहाः यह यातना के बराबर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।



■ इमरान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिएः एडवर्ड्स

एडवर्ड्स ने कहा मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

# भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर-कानूनी

### अमेरिकी सांसद बोलेः इसका नुकसान आम अमेरिकी नागरिक भुगत रहे, 3 सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रास, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रास ने कहा कि उनके राज्य नार्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया।

उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा आफर' दिया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है।




■ कहाः टैरिफ अमेरिका के लिए नुकसानदेह, इससे सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी नागरिकों को हो रहा

## ब्राजील ने ट्रम्प से अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत 'लगातार आगे बढ़ रही है'। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे।

## ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं

**तेहरान।** ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। नरगिस मोहम्मदी को 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे दमन के खिलाफ संघर्ष और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

# गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रम्प प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें। राज्यों ने ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी। राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डालर से 7595 डालर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं राज्यों के अटार्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डाक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74 प्रतिशत स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है।

■ सियासी व कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बना, ट्रम्प के फैसले के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्य पहुंचे कोर्ट

## फ्रांस में 'लम्पी रोग' के कारण पशुओं के मारे जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने 'लम्पी स्किन रोग' के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है, जो पहले से ही पशु स्वास्थ्य संकटों और लगातार बढ़ते आर्थिक तनाव से गुजर रहा है।

# पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है।

आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के विद्वान तैयार होंगे। गुरमानी सेंटर के निदेशक डा. अली उस्मान कासमी और एफसी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डा. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं।

■ लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

## फ्रांस में गिरफ्तार रूस की कथित जासूस ने कहा दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

**मॉस्को।** जासूसी के शक में फ्रांस में गिरफ्तार की गई रूसी-फ्रांसीसी नागरिक ऐना नोविकोवा ने एक पत्र में कहा है कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और उन्हें अलग-अलग देशों से समर्थन पत्र मिले हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने इस खत तक पहुंच होने का दावा करते हुए यह बात कही है। इससे पूर्व, ल पेरिसियन अखबार ने 25 नवम्बर को एक रिपोर्ट में कहा था कि फ्रांसीसी खुफिया सेवाओं ने नोविकोवा सहित एसओएस डोनबास संगठन के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। यह संगठन डोनबास के निवासियों को मदद देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया रुख

### संसद में कहाः ये भारत-पाकिस्तान का मसला

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने इस हफ्ते वेस्टमिंस्टर हाल में हुई संसदीय बहस के दौरान कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना और स्पष्ट रुख दोहराया, कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है और इसका हल कश्मीरियों की इच्छा को ध्यान में रखकर ही निकलना चाहिए। यह बहस 'कश्मीर' स्वभाग्यनिर्णय विषय पर हुई, जिसे पाकिस्तानी मूल के लेबर सांसद इमरान हुसैन ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कश्मीर मसला द्विपक्षीय है या अंतर्राष्ट्रीय।

इस पर विदेश, राष्ट्रमंडल व विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि मैं यूके सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति दोहराता हूं, कश्मीर पर स्थायी समाधान भारत और पाकिस्तान को ही निकालना है, और इसमें कश्मीरियों की इच्छाओं का सम्मान जरूरी है। यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है। मंत्री ने बताया कि यह इस साल यूके संसद में कश्मीर पर चौथी बहस है। उन्होंने कहा कि कश्मीर दक्षिण एशिया की सबसे संवेदनशील और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों में से एक है, जहां इतिहास, पहचान और भू-राजनीति एक-दूसरे से टकराते हैं। फाल्कनर ने चेताया कि चूंकि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं, इसलिए किसी भी तरह की गलतफहमी या तनाव बढ़ने के बड़े वैश्विक असर हो सकते हैं। इसी वजह से ब्रिटेन 'तटस्थ रुख' रखते हुए संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान की अपील करता है। इस बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि ज्यादातर आतंकी कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार पाकिस्तान में 42 और पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में 21 आतंकी प्रशिक्षण शिविर दर्ज हैं। इस पर फाल्कनर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया के लिए दुखद है कि पड़ोसी देश एक-दूसरे पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाते हैं। यूके इस मुद्दे पर मदद करना चाहता है क्योंकि इसी कारण हाल में रिश्तों में सबसे बड़ी दरार पड़ी है। पूर्व ब्रिटिश पीएम जेरेमी कार्बिन समेत कुछ लेबर सांसदों ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बढ़ाने की मांग की। इस पर मंत्री फाल्कनर ने कहा कि यूएन की भूमिका को लेकर भारत और पाकिस्तान में हमेशा मतभेद रहे हैं। अलग-अलग समय पर दोनों देशों ने यूएन दखल को कभी सही तो कभी गलत बताया है।

■ यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है


■ बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह-अक्षय खन्ना पर FIR की मांग

### खाड़ी देशों में बैन के चलते धुरंधर की रिलीज अटकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है।

इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर और ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर में बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों और पीपीपी से जुड़े दृश्य बिना किसी कानूनी अनुमति के दिखाए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि फिल्म में पीपीपी को आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली पार्टी के रूप में पेश किया गया है। साथ ही कराची के लियारी इलाके को 'आतंकियों का युद्ध क्षेत्र' बताया गया है, जो याचिकाकर्ता के मुताबिक मानहानिकारक, भ्रामक और पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह फिल्म पीपीपी, उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ नफरत फैलाने, अपमान करने और उकसाने का काम करता है। उन्होंने पाकिस्तान दंड संहिता की धाराओं 499, 500, 502, 504, 505, 153-ए और 109 का हवाला दिया है। ये धाराएं मानहानि, आपराधिक धमकी, दंगा भड़काने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने से जुड़ी हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले दरख्शां थाने के एसएचओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की।



■ फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है

## रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा कि यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया। बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है।

# ट्रम्प के संघर्ष रोकने का दावा फेल

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे।

वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई। इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। 6:07 बजे उसी पुल पर दूसरा बम गिराया गया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।

■ थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम इमारतें-पुल तबाह

CMYK







# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर फिल्म के कलेक्शन पर भी देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने धमाल मचा दिया है। धुरंधर की खास बात है कि इसमें रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना और के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपए, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपए, तीसरे दिन 43 करोड़, चौथे दिन 23-25, पांचवे दिन 27 करोड़ और छठे दिन 27 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने सातवें दिन 27 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपये दे अधिक की कमाई कर ली है।

## धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त अभिनय से प्रभावित हुए राकेश बेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता राकेश बेदी ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इस पीढ़ी में उनके जैसा काम किसी और ने नहीं किया है। राकेश बेदी ने रणवीर सिंह के साथ धुरंधर में काम किया है। राकेश बेदी ने कहा कि रणवीर ने कितने तरह का काम किया है।

आप खुद देखिए, जो रोल रणवीर ने किए हैं, क्या किसी और बड़े एक्टर ने वैसे रोल निभाए हैं? इतनी लगन के साथ, इतनी अलग-अलग किस्म के किरदार बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्होंने हर रोल को पूरे जोश और अलग अंदाज में किया है, चाहे वो बाजीराव हो या खिलजी हर किरदार में वो बिल्कुल नए रूप में नजर आए हैं। हर नए किरदार के साथ रणवीर यह साबित करते जा रहे हैं कि एक लीडिग एक्टर क्या-क्या कर सकता है। जैसे-जैसे धुरंधर के लिए तालियां और तेज होती जा रही हैं, वैसे-वैसे राकेश बेदी की बात और भी सच लगती है, इस पीढ़ी में किसी और लीड एक्टर ने रणवीर जैसा काम नहीं किया है, न इतनी मेहनत के साथ, न इतनी वर्सेटिलिटी के साथ और न ही ऐसे जबरदस्त सिनेमाई असर के साथ।

## शिल्पी व माही का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज

**मुंबई।** गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज हो गया है। शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव की जोड़ी में आया भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'दिलवा में रखिहा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को शिल्पी राज ने अलग अंदाज में गाया है।





# जान्हवी व सैनन ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जान्हवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाक. ाराओं का साल रहा जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया। जान्हवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़ जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीष हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी असरदार मौजूदगी का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं। यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं, और फिल्म हक़ उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाता है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक़ ने इसे और आगे बघया है। सिर्फ यही नहीं अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक़ उन्हें हिदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थाई जगह देती है। इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने धड़क 2 से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है, और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ। अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरे इश्क में कृति सेनन ने मुक्ति का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति खुद अपने द्वारा अब तक का निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन, दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है। रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां उन्होंने एक विशाल पीरियड सेटिग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं। अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद घस है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ए बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।

# अवसरवादिता होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है।

नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज छोरी के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की।

उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं। इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े, जी स्टूडियोज की फिल्म आजाद भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे। रूपा अय्यर की फिल्म आजाद भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी अमर विरासत और उनके द्वारा स्थापित रानी झांसी रेजिमेंट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। फिल्म के केंद्र में है नीरा आर्या और अनगिनत ऐसे वीर सेनानी, जिनकी कहानियां इतिहास में कहीं खो गईं, लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए अदम्य साहस के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में दिखाई देंगे, सुरेश



ओबेरॉय क्रांतिकारी छाजू रामजी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रूपा अय्यर स्वयं नीरा आर्या की भूमिका निभाने के साथ-साथ फिल्म की निर्देशक और निर्माता भी हैं। फिल्म के राष्ट्रगान में आवाज अमृता फडणवीस ने दी है। रूपा अय्यर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं खुद को धन्य मानती हूं, क्योंकि यह फिल्म ईश्वर की प्रेरणा से बनी है। चाहे कलाकारों का चयन हो या फिर उनसे मेरा जुड़ाव, हर कदम पर मुझे ईश्वर का मार्गदर्शन मिला।ष्श्रेयस जी ने मुझसे पूछा कि मैंने क्यों सोचा कि वे नेताजी की भूमिका निभा सकते हैं। तो मैंने कहा कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, हर किरदार में ढल जाने की क्षमता और उनकी संवेदनशीलता उन्हें इस भूमिका के लिए उचित बनाती है। यह फिल्म नई पीढ़ी के लिए जरूर देखने योग्य है, जो कई सुविधाओं के बावजूद शिकायतें करती रहती है। नीरा आर्या, रानी झांसी रेजिमेंट और उन सभी अनसुने योद्धाओं की कहानी यह बताती है कि कैसे वे किशोरावस्था से ही मातृभूमि के प्रति समर्पित थे, बिना किसी साधन के, सिर्फ जुनून के साथ। अमृता फडणवीस ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आजाद भारत एक बेहद खूबसूरत फिल्म है, जो नीरा आर्या की कहानी को शानदार ढंग से प्रस्तुत करती है। रूपा अय्यर जी ने न सिर्फ मुख्य किरदार निभाया है, बल्कि फिल्म को निर्देशित और निर्मित भी किया है। एक ही प्रोजेक्ट में तीन जम्मिेदारियां निभाना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।







CMYK